* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 27

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

देखें पेज 12



किंग कोहली

vedanta transforming for good | ESL STEEL LIMITED

## बुलंद झारखण्ड

की ओर बढ़ता हर एक कदम, को ईएसएल का हौसला हर दम

— FY २३ - FY २४ —



उत्पादकता में
66%
की छलांग



प्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों में
32%
की वृद्धि



सीएसआर व्यय में
32%
की बढ़ोतरी



सीएसआर परियोजना के माध्यम से रोजगार के अवसरों में
25%
की उन्नति

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN 2023-24

PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available

NURSING
ANM GNM
POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.

PARAMEDICAL
DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT

PHARMACY
D-PHARM

Separate Hostel For Boys And Girls

M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL

D. Pharma

Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)

ADDMISSION OPEN

AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412

6201100402
9155140177

# गोड्डा में अदाणी पावर प्लांट :

## संताल परगना में विकास का प्रतीक



गोड्डा में अदाणी पावर प्लांट अदाणी पावर लिमिटेड द्वारा स्थापित एक अत्याधुनिक कोयला आधारित बिजली संयंत्र है। 1600 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ, यह इस क्षेत्र के सबसे बड़े बिजली संयंत्रों में से एक है। संयंत्र उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है और कड़े पर्यावरण मानकों का पालन करता है।











**बुनियादी ढांचे का विकास:**

अदाणी पावर प्लांट की स्थापना से इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है। इसमें सड़कों, परिवहन नेटवर्क और बिजली पारेषण लाइनों का निर्माण शामिल है, जो न केवल बिजली संयंत्र के संचालन का समर्थन करते हैं बल्कि क्षेत्र में समग्र कनेक्टिविटी और पहुंच की सुविधा भी प्रदान करते हैं।



**आर्थिक प्रभाव:**

अदाणी पावर प्लांट की स्थापना ने इस क्षेत्र में पर्याप्त निवेश आकर्षित किया है, जो संताल परगना के आर्थिक विकास में योगदान देता है। परियोजना ने स्थानीय व्यवसायों, ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए अवसर प्रदान किए हैं।

**नौजवानों के लिए रोजगार का अवसर:**

बिजली संयंत्र ने स्थानीय आबादी के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। इससे बेरोजगारी की दर कम हुई है, आय के स्तर में वृद्धि हुई है, और कई परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

**सामाजिक विकास के लिए कृत संकल्प शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार:**

अदाणी पावर ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर केंद्रित कई कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन पहलों ने आसपास के समुदायों में शैक्षिक सुविधाओं, छात्रवृत्ति और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे में सुधार करने में योगदान दिया है।

**कौशल विकास पर सर्वाधिक जोर:**

बिजली संयंत्र ने स्थानीय युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुख पहलों की सुविधा प्रदान की है। इसने समुदाय को एक स्थायी आजीविका के लिए आवश्यक कौशल के साथ सशक्त बनाया है।

**न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव:**

गोड्डा में अदाणी पावर प्लांट अपने पर्यावरण पदचिह्न को कम करने के लिए उन्नत तकनीकों को शामिल करता है। संयंत्र आधुनिक प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली, धूल दमन तंत्र और कुशल जल प्रबंधन प्रथाओं जैसे उपायों को नियोजित करता है। यह पर्यावरणीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करता है, जिससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव कम होता है।

**सामुदायिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता:**

अदाणी पावर लिमिटेड सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। स्थानीय निवासियों के साथ नियमित बातचीत और समुदाय संचालित पहलों में शामिल होने से बिजली संयंत्र और स्थानीय आबादी के बीच सकारात्मक संबंध को बढ़ावा मिलता है।

**संताल परगना क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख प्रतीक:**

अदाणी पावर प्लांट संताल परगना क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख प्रतीक के रूप में उभरा है। इसकी स्थापना से क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर, बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण की पहल हुई है। पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक जुड़ाव के लिए बिजली संयंत्र की प्रतिबद्धता इस क्षेत्र पर इसके सकारात्मक प्रभाव को और बढ़ाती है।







adani Power

Growth with Goodness

/AdaniOnline | www.adani.com



# आभार

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने झारखंड के विकास में लगाया चार चांद

### झारखंड में सौगात की बौछार

- एनएच 133 के महगामा–हंसडीहा सेक्शन को चार लेन करने की योजना।
- एनएच 114 ए के बासुकीनाथ–देवघर सेक्शन को चार लेन करने की योजना।
- केडीएच–पूर्णाडीह कोल हैंडलिंग प्लांट की आधारशिला
- आईआईआईटी रांची के नए शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन की आधारशिला
- झारखंड में 100 प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण की उपलब्धि पीएम ने राष्ट्र को समर्पित की



धनपति महतो
अध्यक्ष
नरेन्द्र मोदी विचार मंच
सिल्ली विधान सभा क्षेत्र

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,900 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



## स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विकास का खींचा खाका, कहा

# 'अलग राज्य के लिए बलिदान देनेवालों के सपनों का झारखंड बनाने की कर रहे कोशिश'

**भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हुए शामिल**



### हेमंत सोरेन ने कहा

- समाज के दबे -कुचले, आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, नौजवान और किसान-मजदूर, हर सभी के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का कर रहे काम
- भगवान बिरसा मुंडा जयंती और राज्य स्थापना दिवस की सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं, आज हम सब मिल कर सुखी, समृद्ध एवं विकसित झारखंड बनाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के लिए आज ऐतिहासिक और गौरव का दिन है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आज पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है। आज हम सभी राज्य का 23वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस राज्य को लेने के लिए हमारे पूर्वजों ने लंबा संघर्ष किया। इस आंदोलन में अनगिनत लोगों ने अपनी शहादत दी।

हम अपने पूर्वजों के सपनों का झारखंड बनायें, इसके लिए मिलजुल कर प्रयास करना होगा। आप सभी राज्यवासियों को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस के पावन अवसर पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं और जोहार। हेमंत सोरेन ने कहा कि हम सब मिल कर सुखी, समृद्ध एवं विकसित झारखंड बनाने का संकल्प लें। मुख्यमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित राज्य स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे।

इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन समेत हेमंत सरकार के मंत्रिगण, विधायक और गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास, नयी नीतियों का लोकार्पण, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण, युवाओं को ऑफर लेटर तथा खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान की।

### भगवान बिरसा के वंशजों से मुलाकात अविस्मरणीय

मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झारखंड की धरती पर आगमन हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री और राज्यपाल के साथ खूंटी के उलिहातू गांव में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करना और उनके वंशजों से मुलाकात करना काफी अविस्मरणीय रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की धरती ऐसे अनेक वीर सपूतों की जननी रही है, जिनके त्याग और बलिदान की संघर्ष गाथा हमें राष्ट्र और राज्य के लिए कुछ करने की प्रेरणा देती है तथा हमें साहस और बल प्रदान करती है। झारखंड के उन सच्चे सपूतों को भी शत-शत नमन करता हूं।

### प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध हैं, फिर भी राज्य पिछड़ा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चिंता की बात है कि राज्य प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। देश का 42 प्रतिशत खनिज संसाधन यहां है। राज्य का 50 प्रतिशत हिस्सा जल-जंगल-जमीन और झाड़ से घिरा है। यहां कई बड़े औद्योगिक संस्थान हैं। फिर भी इसकी गिनती देश के पिछड़े राज्य में होती है। यहां के आदिवासी-मूलवासी सिर्फ गरीब ही नहीं हैं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक, हर स्तर पर हाशिये पर हैं। लेकिन, अब पीछे देखने की बजाय राज्य कैसे आगे बढ़े, इस पर हमें मंथन करना होगा।

### हमने दृढ़ संकल्प के साथ राज्य की विकास यात्रा शुरू की

हेमंत सोरेन ने कहा कि हम सब जानते हैं कि 15 नवंबर, 2000 को झारखंड राज्य के गठन के पूर्व तक हम विकास के दृष्टिकोण से उपेक्षित रहे, परंतु हमने दृढ़ संकल्प के साथ राज्य की विकास यात्रा शुरू की। आज झारखंड अपनी ऊर्जा, क्षमता, कौशल एवं आत्मविश्वास के बल पर देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कर रहे हैं मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। उनकी जीविका का मुख्य साधन कृषि, पशुपालन और मजदूरी है। इन्हें कैसे सशक्त बनाया जाये? इनकी आय में कैसे वृद्धि हो? कृषि और पशुपालन की पारंपरिक व्यवस्था कैसे मजबूत हो? इस दिशा में सरकार बेहद गंभीर है। ऐसे में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम सरकार कर रही है।

### सबको आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने राज्य के लोगों से वादा किया था कि सभी को आवास उपलब्ध करायेंगे। अपने वादे को पूरा करते हुए हमने एक नयी योजना अबुआ आवास योजना शुरू की है। योजनांतर्ग आगामी तीन वर्षों में लगभग 8 लाख परिवारों को लाभाल्वित किया जायेगा। इसी वित्तीय वर्ष में 2.5 लाख आवास निर्माण की कार्रवाई तत्परता से की जा रही है।

### राज्य के बच्चों को दे रहे बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य के बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। झारखंड के बच्चों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर शिक्षा देने के लिए सीबीएसइ से संबद्ध 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शुरू किये गये हैं। वहीं, राज्य के वैसे छात्र, जो 12वीं कक्षा के बाद आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, उन्हें आर्थिक सहायता देने हेतु गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना तथा एकलव्य प्रशिक्षण योजना के माध्यम से छात्र/छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। यहां रहनेवाले विद्यार्थियों को अब सिर्फ पढ़ने की जरूरत है। उनके लिए अनाज भी सरकार देगी और भोजन बनाने के लिए रसोइया भी रहेगा। छात्रावास की सुरक्षा के लिए गार्ड भी तैयार किये जायेंगे।

### विदेश में उच्च शिक्षा के लिए दे रहे हैं शत प्रतिशत स्कॉलरशिप

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु मराड. गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का आरंभ की गयी थी। वित्तीय वर्ष 2022-23 से इस योजना का विस्तार करते हुए अनुसूचित जनजाति के अलावा अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को भी इस योजना से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। इन छात्र/छात्राओं के उच्च शिक्षा पर होने वाले संपूर्ण व्यय का वहन राज्य सरकार कर रही है।

### आधारभूत संरचनाओं को कर रहे मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में आधारभूत संरचना निर्माण को भी बढ़ावा दे रही है। राज्य में सड़क मार्ग, रेल मार्ग एवं वायु मार्ग का विस्तार हुआ है।

पर्यटन, औद्योगिक एवं आर्थिक महत्व के केंद्रों को उन्नत संपर्क प्रदान करने के साथ-साथ ग्रामीण पथों एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के बीच सड़क नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा रांची शहर को ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु फ्लाई ओवरों का निर्माण द्रुत गति से जारी है।

### हर चेहरे पर खुशी लाने का कर रहे हैं प्रयास

हेमंत सोरेन ने कहा कि हम प्रचार प्रसार की बजाय अपने कार्यों से लोगों का विश्वास जीत रहे हैं। समाज के दबे-कुचले, आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, नौजवान और किसान-मजदूर, हर सभी के चेहरे पर मुस्कान आए, इसके लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।

### राज्य में बड़े पैमाने पर हो रही नियुक्तियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के विकास की गाथा रोजगार के बढ़ते आंकड़े बयां कर रहे हैं। राज्य में नियुक्ति की प्रक्रिया को तीव्र करते हुए विभिन्न कोटि के लगभग 38 हजार पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। वहीं, हजारों की संख्या में नियुक्तियां हो चुकी हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में स्वच्छ एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार द्वारा झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक, 2023 विधानसभा से पारित कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी देने के साथ रोजगार मेला के माध्यम से अब तक 30 हजार नौजवानों को ऑफर लेटर दिया जा चुका है। सिलसिला आगे भी जारी रहेगा ।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने एक कानून बनाया है, जिसके तहत राज्य के अंदर स्थित निजी कंपनियों को 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीय युवाओं को देना अनिवार्य होगा।

### स्वरोजगार करने के इच्छुक युवाओं को सरकार कर रही मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक वर्ग एवं दिव्यांग युवाओं को स्वरोजगार/स्वयं के व्यवसाय शुरू करने हेतु सस्ते एवं अनुदानित दर पर ऋण देने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना शुरू की गयी है।

### सरकार आपके दरवाजे पर पहुंच कर योजनाओं का दे रही लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले आपको योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ लेने के लिए जिला और प्रखंड स्तर के कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता था।

परंतु, अब आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार आपके दरवाजे पर पहुंच कर आपकी समस्याओं का समाधान कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर कैंप का आयोजन कर सरकारी योजनाओं से आम नागरिकों को जोड़ा गया है। वर्ष 2021 एवं वर्ष 2022 में इस कार्यक्रम के आयोजन से हमें उत्साहवर्द्धक परिणाम मिले हैं। इसे आगे बढ़ाते हुए आज 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ किया जा रहा है।

### लगभग 35 लाख को दे रहे हैं पेंशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना की शुरुआत की है, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हमारे वृद्ध, निराश्रित महिलाएं एवं दिव्यांगजनों को सम्मान से जीवन जीने का हक प्राप्त हो सके। राज्य सरकार लगभग 35 लाख लाभुकों को विभिन्न योजनान्तर्गत पेंशन प्रदान कर रही है।

### महिला सम्मान और सशक्तिकरण हमारी विचारधारा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का सम्मान, महिला सशक्तिकरण हमारे लिए सिर्फ नारा नहीं, बल्कि हमारी विचारधारा है। सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। उच्चतर कक्षाओं में बालिकाओं के विद्यालय परित्याग की गति को कम करने, उनके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण के उद्धेशय से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चल रही है।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे कई विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## झारखंड के लिए नये अध्याय की हुई शुरुआत

**रांची (आजाद सिपाही) ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में झारखंड विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। लोगों की उम्मीदें और आकांक्षाएं साकार हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने विकास की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज राज्यवासियों को कई सौगातें दी। इस मौके पर आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण, अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना समेत कई योजनाओं तथा नीतियों का शुभारंभ किया। राज्य वासियों को 7042 करोड़ रुपये की 896 योजनाओं की सौगात दी। 13950 युवाओं को ऑफर लेटर देकर उनके हौसले और करियर को उड़ान दी। लगभग 260 करोड रुपये की परिसंपत्ति बांटकर लाभुकों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने की राह दिखायी, तो खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनकी उपलब्धियों को सम्मान दिया।

**आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण की शरुआत :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ किया । इसके तहत पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आम ग्रामीणों से समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर इसका निष्पादन और योजना का लाभ शिविर में ही दिया जायेगा।




**अबुआ आवास योजना के तहत बनेंगे 8 लाख आवास :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अबुआ आवास योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन परिवारों और कच्चे तथा जर्जर आवास में रहने वाले परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजना के तहत अगले 3 वर्षों में 8 लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें वर्ष 2023-24 में 2 लाख, 24-25 में 3 लाख 50 हजार और 2025-26 में 2 लाख 50 हजार आवास बनाये जायेंगे। इसके लिए 16,320 करोड रुपए का प्रावधान किया जा रहा है।

**गांव से शहरों की बढ़ेगी कनेक्टिविटी:** मुख्यमंत्री ने लोगों को मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की भी सौगात दी। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र, सुदूरवर्ती जनजातीय इलाकों और तलहटी में रहने वाले लोगों को पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल और जिला मुख्यालय आवागमन के लिए सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध करायी जायेगी। इस योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक, विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआइवी संक्रमित, राज्य सरकार द्वारा विधवा पेंशन से आच्छादित महिला और राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारी को निःशुल्क बस परिवहन सेवा मिलेगी।

**13950 युवाओं को मिला ऑफर लेटर:** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं और कंपनियों के लिए चयनित 13950 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया इसके पहले भी चाइबासा पलामू और हजारीबाग जिले में आयोजित प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला में बड़ी संख्या में युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है।

**लाभुकों के सशक्तिकरण को लेकर बांटी परिसंपतियां:** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिरसा सिंचाई संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वधन पेंशन योजना और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों के बीच 259 करोड़ 65 लाख 97 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया।

**चार नयी पॉलिसी की हुई लांचिंग:** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में उद्यम, उद्यमियों और निवेश को बढ़ावा देने के लिए चार नई पालिसी लांच की। इसमें एमएसएमई प्रोत्साहन नीति- 2023, झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी-2023, झारखंड आईटी, डाटा सेन्टर और बीपीओ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन नीति- 2023 और झारखंड निर्यात नीति -2023 शामिल है।

## राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रयास चल रहाः राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड की धरती वह पवित्र धरती है, जहां धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने जन्म लिया। उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में जो कार्य किया, उसके लिए दुनिया उन्हें सदैव याद करते रहेगी। आज का दिवस बहुत ही शुभ दिवस है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उलिहातू जाकर भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली को नमन किया। वे देश के प्रथम प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली को नमन करते हुए जनजातियों के कल्याणार्थ 24 हजार करोड़ की योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि झारखंड अब 24वें वर्ष में पहुंच चुका है। झारखंड के विकास के लिए भाषागत, जातिगत एवं संप्रदाय की भावना से उठ कर झारखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। झारखंड में रेलवे का शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन हो चुका है। जल जीवन मिशन के तहत पेय जलापूर्ति का कार्य लगातार किया जा रहा है। राज्य के संसाधनों का समुचित उपयोग करने से निश्चित रूप से गरीबी हटेगी। राज्यपाल बुधवार को मोहराबादी मैदान में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे।



www.epaper.azadsipahi.in

16 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 27

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

जम्मू-कश्मीर में सड़क हादसा, 37 की मौत, 19 घायलः किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी बस, 300 फीट गहरी खाई में गिरी



# गरीबों का कर्ज चुकाने आया हूं: नरेंद्र मोदी

■ पीएम ने दिये विकसित भारत के चार अमृत मंत्र ■ विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू ■ 7200 करोड़ के प्रोजेक्ट की घोषणा ■ जनजातीय समूह मिशन शुरू ■ किसान योजना की 15वीं किस्त जारी

अनिल मिश्रा

**खूंटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने अंतिम व्यक्ति का नमक खाया है। आज भगवान बिरसा की धरती पर ऋण चुकाने आया हूं। मक्खन पर लकीर तो सभी कोई खींच सकता है। कोई पत्थर पर तो लकीर खींचे। प्रधानमंत्री बुधवार को खूंटी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन सौभाग्य से भरा हुआ है। कुछ देर पहले ही उलिहातू से लौटा हूं। उनके परिजनों से भी सुखद मुलाकात हुई है। उस पवित्र माटी को माथे पर चढ़ाने का सौभाग्य मिला है। मुझे भगवान बिरसा मुंडा पार्क देखने का भी अवसर मिला। दो साल पहले यह म्यूजियम देश को समर्पित करने का सौभाग्य मिला था। मैं सभी देशवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की बधाई देता हूं।

**देश का कोई कोना नहीं था, जहां आदिवासी वीरों ने मोर्चा नहीं लिया:** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में कई जगहों पर झारखंड का स्थापना दिवस भी मनाया जा रहा है। देश को विशेषकर झारखंड को 50 हजार करोड़ रुपये की अलग-अलग योजना का उपहार मिला है। रेल परियोजना शुरू हुई है। झारखंड भी देश के इलेक्ट्रिक फाइड रेल रूट वाला राज्य बना गया है। झारखंड का कोना-कोना महान विभूतियों से जुड़ा है। तिलका मांझी, चांद भैरव, फूलो झानो, अल्बर्ट एक्का जैसे अनेक वीरों ने इस धरती का गौरव बढ़ाया है। देश का कोई कोना नहीं था, जहां आदिवासी वीरों ने मोर्चा नहीं लिया। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, मणिपुर, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश सहित कई जगहों पर ऐसे वीरों का देश ऋणी है।

**आदिवासी वीरों के साथ हुआ अन्यायः** प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी के बाद ऐसे वीरों के साथ न्याय नहीं हुआ। हमने अमृत भारत के दौरान इन्हें याद किया। कुछ ही साल पहले खूंटी में सोलर पॉवर से चलने वाले जिला न्यायालय का उद्घाटन किया था। विकसित भारत संकल्प यात्रा मजबूत माध्यम बनेगी। मुझे दो दशक से ज्यादा सरकार के मुखिया के तौर पर काम करते हुए हो गया है। हमारी सरकार ने जितना दस साल में किया, उससे ज्यादा ऊर्जा के साथ अपनी पूरी ताकत लगानी है।



## हम चार स्तंभ को मजबूत करेंगे

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के चार अमृत मंत्र दिये। उन्हें चार स्तंभ बताते हुए मजबूत करने की बात कही। प्रधानमंत्री ने जो चार स्तंभ बताये वह हैं, भारत की महिलाएं, किसान भाई-बहन, भारत के नौजवान और मध्यम वर्ग, गरीब भाई-बहन। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में हमने इन्हें मजबूत करने के प्रयास किये। पिछले कुछ वर्षों में 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा, साल 2014 से हमारा सेवाकाल शुरू हुआ है। हम सेवा करने के लिए आये हैं। हमारे आने से पहले भारत की बहुत बड़ी आबादी मूलभूत सुविधाओं से वंचित थी। भारत के लोगों ने उम्मीद छोड़ दी थी कि उनका जीवन बदल पायेगा।

## जल जीवन लक्ष्य पूरा हो रहा है

मोदी ने कहा कि हमने उपेक्षित लोगों को मजबूत किया। हमारी सरकार उनका संबल बनी, उनकी साथी बनी। सोच बदली तो परिणाम भी बदल गये। जल जीवन मिशन की वजह से हर घर में नल पहुंच रहा है। देश में अब यह 70 प्रतिशत तक पहुंच रहा है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, वो लोग कौन थे, जिन्हें मलाई मिलती थी। जिनकी सरकार में पहुंच होती थी, वह सुविधाएं आसानी से जुटाते थे। जो लोग समाज में पीछे रहे मूल सुविधाओं से वंचित थे, मोदी ने इन्हें प्राथमिकता दी।

## राष्ट्रपति ने दिया संदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगवान बिरसा मुंडी की जयंती पर खास संदेश दिया। राष्ट्रपति ने पिछले साल खूंटी के उलिहातू दौरे को याद किया और आदिवासी जनजातीय की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मैं उसी समुदाय से हूं इसलिए मेरा खास लगाव है।

## एक हजार दिन में 18 हजार गांव में बिजली पहुंची

प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने बड़े वर्ग और सुविधा चाहने वाले लोगों की रोटी नहीं खाई। मैंने कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति का नमक खाया है। मैं उनका कर्ज चुकाने आया हूं। कई गांव में बिजली नहीं थी, क्योंकि उन्हें अंधेरे में छोड़ दिया गया था। वहां बिजली पहुंचाना कठिन था मैं मानता हूं, मैंने वादा किया था, एक हजार दिन में 18 हजार गांव में बिजली पहुंचाना है। आपके सेवक ने यह कर दिखाया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज

प्रधानमंत्री ने कहा, आपसी भेदभाव खत्म कर दिया जाये। सभी समान हों, कई गरीब हैं, जिन्हें योजना की जानकारी नहीं है। कब तक हम उन्हें अपने हाल पर छोड़े रखेंगे। यही वजह है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत हो रही है। 15 नवंबर से शुरू होकर यह अगले साल 26 जनवरी तक चलायी जायेगी। गरीबों को उसका हक दिया जायेगा।

# मैं आदिवासी हूं, मुझे इस पर गर्व है: हेमंत

### उलिहातू और खूंटी में पीएम के साथ मौजूद रहे सीएम



- कार्यक्रम को आदिवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होने की उम्मीद जतायी
- भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**खूंटी/रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर प्रधानमंत्री का बिरसा मुंडा की जन्म स्थली उलिहातु आगमन एवं कार्यक्रम का आयोजन पूरे देश को जोड़ेगा। उलिहातू की इस पावन भूमि में आप पहली बार आये हैं। आशा और उम्मीद है कि आज के कार्यक्रम से आदिवासी समाज आगे बढ़े। प्रधानमंत्री जी आपका जो संदेश होगा, वह आदिवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बिरसा मुंडा पूरे देश के आदिवासियों के भगवान हैं। झारखंड हमेशा से वीरों की भूमि रही है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रधानमंत्री जी ने रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में देखा है। मुख्यमंत्री धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं जनजातीय गौरव महोत्सव-2023 के अवसर पर खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा, झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। मैं भी आदिवासी समुदाय से आता हूं, और मुझे आदिवासी होने पर गर्व है। आदिवासी हक और अधिकार की लड़ाई लड़ता आया है। फिर वह लड़ाई महाजनों के विरुद्ध हो या अंग्रेजों के। लेकिन दुर्भाग्य है कि इतिहासकारों ने इन्हें उचित जगह नहीं दी। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह सबसे पिछड़ा है। अगर ये नहीं बचे तो अन्य आदिवासी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह में आ जायेंगे। आज हम चांद पर पहुंच चुके हैं, लेकिन समाज के अंदर जो अंतर दिख रहा है, उसे अब तक मिट जाना चाहिए।

## सरना धर्म कोड पर सकारात्मक निर्णय का आग्रह

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री जी, आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते ना सिर्फ झारखंड, बल्कि पूरे देश के आदिवासियों की तरफ से, आदिवासी धर्म कोड की चिर प्रतीक्षित मांग पर सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह करता हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके सहयोग से आनेवाले दिनों में आदिवासी सहित समाज के लोगों का गौरव के साथ कल्याण सुनिश्चित हो पायेगा।

## जंगल में बसने वालों को विस्थापन झेलना पड़ता है

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री जी, झारखंड कई मायनों को लेकर आगे बढ़ा है। चाहे खनिज संपदा हो या किसी अन्य विषय को लेकर हो। प्रधानमंत्री जी आग्रह है, यहां बड़े पैमाने पर आदिवासी जो जंगलों में बसते हैं, उन्हें विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है। खनिज संपदाओं को निकालने के लिए बड़े पैमाने पर कई वर्षों से इनका विस्थापन होता रहा है। इस क्षेत्र में बसने वाले लोगों के प्रति भी ऐसी विशेष कार्ययोजना तैयार की जाये, जहां हमारे आदिवासी भाई-बहन अपने जल-जंगल-जमीन के साथ अपने आपको समग्र विकास की कड़ियों से जोड़ सकें।

## योजनाओं की दी सौगात

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मंगलवार को दो दिवसीय झारखंड यात्रा पर आये थे। वह बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उलिहातू पहुंचे और खूंटी मं कार्यक्रम में शामिल हुए। मोदी देश के पहले पीएम हैं, जो भगवान बिरसा की जन्मभूमि पहुंचे। उन्होंने भगवान बिरसा की माटी का तिलक लगाया। उलिहातू में भगवान बिरसा की प्रतिमा को नमन किया और परिजनों से बात की। प्रधानमंत्री ने यहां स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देते स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा में मंच पर पहुंचे। उन्होंने 7200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। आदिवासी कल्याण योजना और जनजातीय समूह के विकास के लिए 24,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को शुरू किया। किसान सम्मान की 15वीं किस्त जारी की, जिसके तहत 8 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर किये। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। उन्हें शॉल और भगवान बिरसा की प्रतिमा दी। मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भी प्रधानमंत्री का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पीएम मोदी को टोपी और एक सरना शॉल भेंट की। इसके अलावा भी प्रधानमंत्री को प्रतिमा, पेंटिंग और कई अपहार भी दिये गये। खूंटी के कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड से विदा ली। एयरपोर्ट पर उन्हें छोड़ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मौजूद रहे।

## योजनाओं का उद्घाटन

- आइआइएम रांची का नया परिसर
- आइआइटी आइएसएम धनबाद का नया छात्रावास
- बोकारो में पेट्रोलियम ऑयल और लूब्रिकेंट (पीओएल) डिपो
- हटिया-पकरा सेक्शन
- तलगरिया-बोकारो सेक्शन और जारंगडीह-पतरातू सेक्शन डबल लेन।

## आधारशिला रखी गयी

- एनएच 133 के महगामा-हंसडीहा सेक्शन का फोर लेन कार्य (52 किमी)
- एनएच 114ए के बासुकीनाथ-देवघर सेक्शन का फोर लेन कार्य (45 किमी)
- केडीएच-पूणार्डीह कोल हैंडलिंग प्लांट
- आइआइआइटी रांची के नये शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन की आधारशिला।
- 49 हजार करोड़ की जनजातीय कल्याण एवं विकास परियोजनाओं का शुभारंभ
- आदिवासियों का कल्याण लक्ष्य






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.9 °C | 15.0 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.03 बजे |



# भारत फाइनल में, कप से एक कदम दूर

- न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया
- शमी ने 7 विकेट लिया
- कोहली और अय्यर ने लगाया शतक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई ।** भारत ने विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली है। उसने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को रोमांचक मैच में न्यूजीलैंड को 70 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार का बदला भी ले लिया। भारतीय टीम 12 साल बाद टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2011 में टीम इंडिया ने घरेलू मैदान पर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी टीम चैंपियन बनी थी। भारतीय टीम अब 19 नवंबर को होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी।

भारत चौथी बार विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है। 1983 में कपिल देव की कप्तानी में वेस्टइंडीज को हराकर पहली बार खिताब जीता था। 2003 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। तब सौरव गांगुली कप्तान थे। इसके आठ साल बाद 2011 में जब भारत फाइनल में पहुंचा तो उसने श्रीलंका को हराकर दूसरी बार खिताब जीत लिया।

**कोहली-अय्यर और शमी ने दिलायी जीत :** भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट खोकर 397 रन बनाए थे। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.5 ओवर में 327 पर सिमट गयी। भारत की जीत में विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और मोहम्मद शमी का योगदान अहम रहा। कोहली ने 117 और अय्यर ने 105 रन की पारी खेली। वहीं, मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए सात विकेट अपने नाम किये। तीनों ने मिलकर भारत को लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में नहीं हारने दिया। 2015 में ऑस्ट्रेलिया और 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया अंतिम-4 के मुकाबले में हार गयी थी।

**रोहित-गिल ने दिलाई आक्रामक शुरुआत :** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की। पहले रोहित ने तेज गति से रन बनाये, फिर गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी की। रोहित ने विश्व कप में अपने 50 छक्के पूरे किये और टीम का स्कोर पावरप्ले के अंदर 50 रन के पार पहुंच गया। रोहित शर्मा साउदी की गेंद पर छक्का लगाने के प्रयास में 47 के निजी स्कोर पर आउट हो गये। हालांकि, पावरप्ले में टीम इंडिया एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाने में सफल रही। गिल और कोहली ने भारत का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। इस दौरान गिल ने 41 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। 65 गेंद में 79 रन बनाने के बाद गिल वानखेड़े की गर्मी से परेशान हो गए। उन्हें क्रैम्प आ रहे थे और वह मैदान के बाहर चले गये।

**कोहली और अय्यर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया :** विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने 59 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान वह एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने सचिन के 673 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। विराट और श्रेयस ने शतकीय साझेदारी कर भारत का स्कोर 250 रन के पार पहुंचा दिया। विराट ने वनडे में अपना 50वां शतक लगाया और भारत का स्कोर 300 रन के पार पहुंचा दिया। वह 117 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद श्रेयस अय्यर और भी आक्रामक हो गए। उन्होंने राहुल के साथ मिलकर भारत का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। इसके बाद श्रेयस ने 67 गेंद में अपना शतक पूरा किया और 70 गेंद में चार चौके और आठ छक्कों की मदद से 105 रन बनाकर आउट हुए। 49वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आए सूर्यकुमार एक रन बनाकर आउट हो गए। अंत में लोकेश राहुल ने शुभमन गिल के साथ मिलकर भारतीय पारी खत्म की। राहुल ने आखिरी ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और भारत का स्कोर 397 रन तक पहुंचा दिया। वह 39 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, शुभमन गिल 80 रन के स्कोर पर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी ने तीन और ट्रेंट बोल्ट ने एक विकेट लिया।

**मिचेल नहीं दिला पाये न्यूजीलैंड को जीत :** न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल ने 134 रन बनाए। कप्तान केन विलियम्सन ने 69 रन की पारी खेली। ग्लेन फिलिप्स ने 41 रन का योगदान दिया। दोनों कीवी ओपनर कॉन्वे और रचिन 13 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटे। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने सात विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।



धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।



बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

# झारखंड के भाई-बहनों को त्योहारों का ब्याज सहित उपहार दिया पीएम मोदी ने : बाबूलाल

## प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भगवान बिरसा जयंती, राज्य स्थापना दिवस, जनजातीय गौरव दिवस, भाई दूज और सोहराई पर्व पर झारखंड में उपहारों की बौछार हुई। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री के दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आभार जताते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के भाई बहन, जनजाति समाज, किसान मजदूर के लिए आज का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की जनता को सभी पर्वों का एक साथ ब्याज सहित उपहार दिया। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भगवान बिरसा के जन्मस्थान उलिहातू आना झारखंड के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज के लिए पीएम जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान, पीएम जनमन में आदिवासियों के लिए सम्मान और उनकी मूलभूत समस्याओं का समाधान दोनो समाहित हैं। कहा कि 24 हजार करोड़ की यह परियोजना वंचित और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के समग्र विकास के लिए समर्पित है। कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की धरती से परियोजना की शुरुआत राज्य के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज का दिन झारखंड के जनजाति समाज को समर्पित रहा। आज प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय का भ्रमण किया। उलिहातू और खूंटी के कार्यक्रम के बाद अपराह्न में प्रधानमंत्री झारखंड से बिदा हुए।



### भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण से कार्यक्रम सफल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी तथा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने अपनी पूरी ताकत लगायी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रदेश के प्रमुख नेताओं की व्यस्तता के बीच प्रधानमंत्री के खूंटी कार्यक्रम के लिए प्रदेश भाजपा ने अध्यक्ष और संगठन महामंत्री के मार्गदर्शन में पूरी ताकत लगा दी। अल्प सूचना पर रांची में 10 स्थानों पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत, कुशल रणनीति, योजना और कार्यकर्ताओं के समर्पण को दर्शाता है। ठंड के महीने में पर्व त्योहारों के बीच लाखों लोगों को 10 जिलों से खूंटी पहुंचाना यह कुशल संगठनात्मक संरचना का ही परिणाम है। प्रदेश के तीन महामंत्री, जिसमें सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा एवं बालमुकुंद सहाय शामिल ने प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री की योजनाओं को धरातल पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसी का परिणाम है कि बसों में भर कर कार्यकर्ता, समर्थक उत्साह से लबरेज होकर प्रधानमंत्री को सुनने सभास्थल खूंटी समय से पहले पहुंच गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति , जिलाध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष मोर्चों की समितियों का योगदान सराहनीय रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उनका आभार प्रकट किया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, शुक्रिया रांची



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार रात झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे। रांची में उनका अभूतपूर्व स्वागत किया गया। सड़कों पर प्रधानमंत्री का अभिवादन करने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रधानमंत्री ने रात को ही इसके लिए आभार जताते हुए एक्स पर खुशी जतायी। उन्होंने कहा, रांची में इतनी रात जिस प्रकार बड़ी संख्या में मेरे परिवारजनों ने आकर अपना आशीर्वाद दिया, वो अभिभूत करनेवाला है।

इस बीच बुधवार सुबह प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को भैया दूज की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि भाई दूज भाई-बहन के पवित्र रिश्तों का प्रतीक पर्व है। देशभर के अपने परिवारजनों को इस पावन-पुनीत अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड के स्थापना दिवस पर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि झारखंड अपनी खनिज संपदाओं के साथ-साथ जनजातीय समाज के साहस, शौर्य और स्वाभिमान के लिए सुविख्यात रहा है। यहां के मेरे परिवारजनों ने देश की उन्नति में अहम योगदान दिया है। राज्य के स्थापना दिवस पर मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा है कि देशभर के मेरे परिवारजनों को इस विशेष अवसर से जुड़े जनजातीय गौरव दिवस की ढेरों शुभकामनाएं।

# राजभवन में 1971 के युद्ध में इस्तेमाल मिग-211 लड़ाकू विमान का प्रधानमंत्री ने किया अनावरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को रांची के राजभवन में मिग-211 लड़ाकू विमान का अनावरण किया। इस लड़ाकू विमान का इस्तेमाल 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में किया गया था। इस मौके पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन मौजूद थे। आपको बता दें कि पीएम मोदी दो दिवसीय झारखंड दौरे पर मंगलवार की रात साढ़े नौ बजे विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचे थे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उनका काफिला रोड शो करते हुए राजभवन पहुंचा था। यहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया था। इसके बाद बुधवार (15 नवंबर) को वह रांची के बाद बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू गये और उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। खूंटी में जनसभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी नयी दिल्ली लौट गये।



**बांग्लादेश मुक्ति युद्ध में लड़ाकू विमान का हुआ था इस्तेमाल :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा कि बुधवार 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजभवन में मिकोयान गुरेविच (मिग-211) लड़ाकू विमान का अनावरण किया। 1964 में इस लड़ाकू विमान को भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था और बांग्लादेश मुक्ति युद्ध में सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया था।

**राज्यपाल के परिजनों से मिले पीएम नरेंद्र मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजभवन में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के परिजनों से भी मुलाकात की। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद बुधवार को राजभवन में पीएम नरेंद्र मोदी ने उनके परिवार से मुलाकात की। इसके लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभारी हैं। उन्होंने मेरे परिवार, विशेष रूप से मेरे पोते-पोतियों के प्रति जो प्यार और स्नेह दिखाया, उससे मैं काफी प्रभावित हूं। इसके लिए हम उन्हें तहे दिल से धन्यवाद देते हैं।

# आखिर कौन है वह महिला जो पीएम की गाड़ी के आगे पहुंची

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ी चूक हो गयी। वाकया, झारखंड की राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। घटना उस वक्त की है, जब पीएम बिरसा मेमोरियल जा रहे थे। इसी दौरान रेडियम रोड में पीएम मोदी की कार के आगे अचानक एक महिला आकर खड़ी हो गयी, जिसकी वजह से पीएम मोदी का काफिला कुछ देर के लिए बीच सड़क पर ही रुक गया। इस घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उस महिला को पकड़ लिया। इसके बाद काफिला आगे बढ़ा। पूरी घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी है। रांची पुलिस से सुरक्षा में चूक को लेकर पीएमओ सवाल भी पूछ सकता है।




**पीएम से मिलना चाहती थी महिला:** जानकारी के अनुसार महिला का नाम संगीता है। वह देवघर की रहनेवाली है। उसका अक्सर पति से विवाद होता रहता है। इसी वजह से वह पीएम से मिलना चाह रही थी। महिला मानसिक रूप से परेशान भी बतायी जा रही है। बताया जाता है कि महिला दिल्ली में भी पीएम से मिलने के लिए गयी थी। हालांकि वहां भी मुलाकात नहीं हो पायी। पुलिस ने पूछताछ के बाद महिला को छोड़ दिया है।

## पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा स्मृति संग्रहालय का किया भ्रमण

**रांची (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने जेल रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय का भ्रमण किया। सीएम हेमंत सोरेन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के संग पहुंचे प्रधानमंत्री ने उस बैरक को भी देखा, जहां अंतिम दिनों में भगवान बिरसा मुंडा जेल में बंद रहे और अपनी अंतिम सांस ली थी। इस दौरान पीएम ने बैरक में मौजूद भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूरे देश की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर पीएम ने केंद्र सरकार की मदद से बनाये संग्रहालय को भी देखा।






# पीएम ने मंच को भगवामय बनाया : राजेश ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरा को चुनावी स्टंट बताया। बुधवार को कांग्रेस भवन, रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पीएम के साथ मंच साझा करने पर हमला बोला। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उन्हें सादर नमन किया और प्रधानमंत्री का झारखंड की धरती पर स्वागत किया।

राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री की गरिमा का ख्याल न रखते हुए पूरे मंच को भगवामय बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक बाबूलाल मरांडी किस हैसियत से मंच पर विराजमान थे, जबकि उन पर दल बदल का मामला विधानसभा के अध्यक्ष के पास लंबित है। उन्होंने कहा कि गांधी के आंधी से डरे झूठों के सरदार प्रधानमंत्री, पांच राज्यों के चुनाव छोड़ भगवान बिरसा मुंडा की धरती में आकर एक बार फिर लोगों की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी कह रहे हैं कि कांग्रेस का तंबू उखड़ने वाला है। सच्चाई यह है कि उनके सारे केंद्रीय मंत्री जो विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, वो बुरी तरह चुनाव हार रहे हैं। आज भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती है और प्रधानमंत्री जी का इस तरह महामंडित किया जा रहा है, मानों आज प्रधानमंत्री का जन्मदिन है। मुह में राम बगल में छूरी वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए एक तरफ प्रधानमंत्री जी बिरसा मुंडा जी को जेल में श्रद्धांजलि देने जाते हैं और दूसरी ओर भगवान बिरसा मुंडा की राह पर चलने वाले जल, जंगल जमीन की लड़ाई लड़ने वाले राज्य के मुख्यमंत्री को जेल भेज कर सत्ता पर काबिज होना चाहते हैं। राजेश ठाकुर ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री सचमुच आदिवासियों के हितैषी हैं, तो अविलंब लंबित सरना धर्मकोड को लागू करें।

**झारखंड सरकार 38 जन उपयोगी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही :** कांग्रेस विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि प्रधानमंत्री राज्य सरकार को कहा कि झारखंड राज्य 25 साल पूरा करने जा रहा है अतः राज्य सरकार 25 जन उपयोगी योजनाओं का रूपरेखा तैयार करें। प्रधानमंत्री को बताना चाहते हैं झारखंड सरकार राज्य के 25 साल पूर्ण होने से पहले ही 25 नहीं बल्कि 38 जन उपयोगी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जहां जाते हैं सिर्फ घोषणा ही करते हैं जमीन पर कहीं भी उनकी घोषणा का क्रियान्वयन नजर नहीं आता है। देश के गृह मंत्री अमित शाह जी ने वर्ष 2017 में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु गांव से शहीद ग्राम विकास योजना की घोषणा की थी, जो अब तक सिर्फ घोषणा ही बनकर रह गयी। इस मौके पर आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान, प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो, महासचिव राकेश सिन्हा उपस्थित थे।

# बिरसा मुंडा के साहस और संघर्ष को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि: सुदेश महतो

**बिरसा मुंडा का संपूर्ण जीवन राज्य की संपदा जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए समर्पित रहा**

**बिरसा मुंडा के विचारों को, उनके साहस, संघर्ष को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा सदैव हमारे प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। बिरसा मुंडा का संपूर्ण जीवन राज्य की संपदा जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए समर्पित रहा। राज्य की पहचान यहां की जनजातीय सभ्यता संस्कृति है। प्रदेश के युवाओं को बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। बिरसा मुंडा के विचारों को, उनके साहस, संघर्ष को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर सिल्ली में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान कही।

सभी राज्यवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारा जन्म वीरों की धरती झारखंड पर हुआ है। भगवान बिरसा मुंडा समेत सभी क्रांतिकारियों के सपने का झारखंड बनाना प्रदेश के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, लेकिन आज वक्त की मांग है की इसकी अगुवाई राज्य की युवा पीढ़ी करें। आज झारखंड 24वें बरस में दाखिल हो रहा है। इन 23 सालों में झारखंड ने क्या हासिल किया और सफर कितना बाकी है, इसे लेकर बहस, विश्लेषण होता रहता है। विश्लेषण के आधार पर हमें विकास के सकारात्मक पहलू पर ध्यान देने और इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है।

# रांची की परिस्टिशा को यूके में 60 लाख का जॉब ऑफर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची ।** रांची की रहने वाली रांची की परिस्टिशा गुप्ता ने स्कॉटलैंड यूके में श्लम्बरजर ऑयलफील्ड यूके लिमिटेड में डेटा इंजीनियर का पद प्राप्त करने में सफलता हासिल की। परिस्टिशा गुप्ता की स्कूली शिक्षा ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची और सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची से हुयी। उसके बाद उसने एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में बी.टेक किया। परिस्टिशा के पिता एम के गुप्ता झारखंड सरकार टूल रूम टाटीसिलवे में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत है तथा माता शालिनी गुप्ता प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट हैं। परिस्टिशा के माता पिता ने बताया कि वह बचपन से बहुत प्रतिभाशाली थी। पढाई से साथ-साथ उसने डांस और पेंटिंग में भी राष्ट्रीय स्तर पर बहुत से पुरस्कार प्राप्त किये है। क्लासिकल और वेस्टर्न डांस के साथ-साथ 2020 में कोरियन कल्चरल सोसाइटी द्वारा अयोजित के-पॉप सोलो डांस प्रतियोगिता की विजेता भी बनी। बात चीत के दौरन परिस्तिशा ने बताया कि कड़ी मेहनत और ड्रिन विस्वास के बाल पर उसने ये सफलता प्राप्त की।

## जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया




**रांची (आजाद सिपाही)।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे, प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी ने भगवान बिरसा मुंडा द्वारा आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजो के विरुद्ध किये गये उलगुलान पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

# रांची महानगर काली पूजा समिति ने नम आंखों से माता को विदाई दी

**भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची महानगर काली पूजा समिति के नेतृत्व में बुधवार को भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी। राजधानी रांची के लगभग 80 प्रतिशत काली पूजा पंडालों ने आदि शक्ति मां काली की प्रतिमा का विभिन्न जलाशयों में विसर्जन पूरे विधि-विधान एवं भक्ति भाव से किया। जिसमें महाकाली पूजा समिति जयपाल सिंह स्टेडियम कचहरी रोड, तूफान क्लब करम टोली, स्टूडेंट क्लब लालपुर, नव शांति क्लब थड़पखना ,मां मशनेश्वरी काली पूजा समिति फिरायालाल चौंक, स्वामी विवेकानन्द काली पूजा समिति पुरुलिया रोड, यंग स्टूडेंट क्लब करमटोली, नेताजी सुभाष क्लब थड़पखना, सामुदायिक भवन काली पूजा समिति नगरा टोली, नवयुवक संघ काली पूजा समिति कोकर, सत्यम शिवम सुंदरम ओसीसी क्लब काली पूजा समिति, आदिशक्ति काली पूजा समिति रातू रोड, बिड़ला मैदान काली पूजा समिति देवी मंडप रोड, कली पूजा समिति फ्रेंड्स क्लब मुख्य रूप से शामिल हैं। रांची महानगर काली पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, मुख्य सलाहकार नन्द किशोर सिंह चंदेल एवं महाकाली पूजा समिति के अध्यक्ष बबलू बर्मा के नेतृत्व में आयोजित महाकाली पूजा समिति कचहरी रोड की विसर्जन शोभायात्रा संध्या को निकाली गयी एवं मेनरोड, श्रद्धानंद चौंक, महावीर चौंक, शहीद चौंक, अल्बर्ट एक्का चौंक, चडरी होते हुए चडरी तालाब पहुंची। चडरी तलाब में पहुंचकर मां की आरती की गयी एवं नम आंखों से माता को विदायी दी गयी।

मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने राजधानी वासियों को काली पूजा के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार,काली पूजा समिति, विभिन्न धार्मिक संगठनों,जिला एवं पुलिस प्रशासन, मीडिया एवं लाखों श्रद्धालु भक्तों को बधायी दी है। रांची महानगर काली पूजा समिति के शोभायात्रा जुलूस में पिया बर्मन, शिल्पी कुमारी, बंटी बर्मा, संजय सोनी, नीतू सिंह, नीलू सिंह, ममता मिश्रा, कौशल्या मिश्रा, अन्नू सिंह, दात्री भारद्वाज, मनोज सोनी सहित अन्य शामिल हुए। डोरंडा एवं चुटिया के पूजा पंडाल 17 नवंबर को मां काली की प्रतिमा का विसर्जन करेंगे।

## रांची रेल मंडल में जनजातीय गौरव दिवस मनाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** महान स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य पर रांची रेल मंडल में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा, मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय के प्रधान मुख्य शाखा अधिकारी, मंडल के शाखा अधिकारी, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा रांची रेल मंडल के हटिया स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दक्षिण पूर्व रेलवे आदित्य कुमार चौधरी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री निशांत कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर , वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक तंगबालन एस सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सीपीआइ राज्य कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया धरती आबा बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती

**रांची (आजाद सिपाही)।** सीपीआइ के राज्य कार्यालय में धरती आबा शहीद भगवान बिरसा मुंडा की 148 वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जयंती समारोह में मुख्य रूप से पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। महेंद्र पाठक ने कहा भगवान बिरसा मुंडा के सपना आज भी अधूरा पड़ा हुआ है । उनके जयंती के अवसर पर झारखंड की स्थापना हुई, लोग स्थापना दिवस के नाम पर पानी की तरह जनता का पैसा बहा रहे हैं। इस मौके पर राज्य परिषद के बाबूलाल झा, खेत मजदूरी यूनियन के सचिव इम्तियाज खान, मोटर यूनियन के नीरज सिंह, किरण कुमारी, प्रमोद कुमार, राय अरुण सिंह ,सुनैना उरांव, नागेंद्र चौधरी, अनिरुद्ध कुमार, रोहन कुमार, अमित कुमार, श्यामल चक्रवर्ती, इसराइल अंसारी, श्रमजीवी पत्रकार संघ के सुनील सिंह, संजीत कुमार, प्रदीप ठाकुर, रिजवान अंसारी, सहित अन्य मौजूद थे।

## सीसीएल ने जनजातीय गौरव दिवस मनाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के कन्वेंशन सेंटर के प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा एवं मुख्यालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि, काउंसिल एवं सिस्टा के प्रतिनिधिगणों ने भगवान बिरसा मुंडा को पुष्प अर्पित की। पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन आदिवासियों के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे एवं ब्रिटिश शासन से अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा) यू पी नारायण, महाप्रबंधक (सीएसआर), बाल कृष्ण लाडी, महाप्रबंधक (सीसीएमसी), अनुज कुमार, विभागाध्यक्ष, नवनीत कुमार, महासचिव काउन्सिल, बृजकिशोर राम, महासचिव सिस्टा, आर एन राम आदि उपस्थित रहे।

## आइएमए भवन में श्री चित्रगुप्त पूजा का किया आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री चित्रगुप्त परिवार मोरहाबादी के तत्वावधान में बुधवार को करमटोली स्थित आईएमए भवन में भव्य श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। इस पूजा में कायस्थ समुदाय के तीन हजार से अधिक लोग पूरी श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ शामिल हुए। सामूहिक रूप से श्री चित्रगुप्त भगवान के समक्ष सभी कायस्थों ने अपने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। विधि विधान से पूजन के बाद प्रसाद वितरण और भाई भोज का आयोजन किया गया। वहीं शाम को संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस पूजा का मुख्य आकर्षण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रहा। श्री चित्रगुप्त पूजा के साथ-साथ मेडिकल कैंप, रक्तदान शिविर आदि का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू, अध्यक्ष सुनील किशोर सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार, लाला लक्ष्मी लाल, प्रवीण कुमार सिन्हा, सुभाष कुमार, रमेश कुमार, डॉ संदीप कुमार, सचिव संजीव सिन्हा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव संजीव सिन्हा, अजय कुमार, अजीत कुमार सिन्हा, प्रभात सहाय एवं अभिषेक कुमार मिंकु, जयशंकर जयपुरियार, कार्यकारी सचिव पंकज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. सुपर्णा दत्ता, जया सिन्हा, अपराजिता सिन्हा, विनीता श्रीवास्तव, गीता सिन्हा, मुख्य कार्यकारिणी सदस्य अनुनय शंकर टिंकू, संतोष दीपक सहित अन्य मौजूद थे।

## बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया भगवान बिरसा मुंडा की जयंती


**रांची (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया रांची आंचलिक कार्यालय के बिरसा मुंडा सभागार में बुधवार को धरती आबा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। इस शुभ अवसर पर आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह और उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास सहित समस्त सदस्यों ने श्रद्धा सुमन समर्पित किया।

## झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी की थिंक-2024 को लेकर बैठक संपन

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में बुधवार को होटल बीएनआर चाणक्या में कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि शुक्रवार को संध्या 6 बजे होटल बीएनआर चाणक्य में थिंक-2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सह सांसद डॉ शशि थरूर एवं शिवसेना महाराष्ट्र के युवा विधायक पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे मौजूद होंगे। ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर आलीम जवेरी, सुवीर शरण एवं अलग-अलग सेक्टर से कई अतिथिगण मौजूद रहेंगे। आदित्य विक्रम ने कहा कि आज की तैयारी बैठक में प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पदाधिकारियों को कार्यक्रम की सफलता को लेकर विशेष जिम्मेवारी सौंपी गयी है। स्वागत समिति रूद्र शुक्ला, कृष्णा सहाय, संजीत महतो, अनिल सिंह, सांस्कृति आयोजन समिति शुभम, इवेंट मैनेजमेंट समिति गौरव आनंद, ऐलेन एंड्र्यू, बैनर प्रचार समिति अनुराग गुप्ता, डिजिटल टीम उज्ज्वल गुप्ता, रजिस्ट्रेशन स्मिता और उनकी टीम को जिम्मेवारी दी गयी है।

# एचइसी मुद्दे को नजरअंदाज किया पीएम ने: शशि भूषण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि शशि भूषण राय ने प्रधानमंत्री के दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री झारखंड आये, सभी ने उनका स्वागत किया, पर सभी को उम्मीद थी कि वह एचइसी के पुनरुत्थान के लिए कुछ पैकेज की घोषणा करेंगे। आज एचईसी के अधिकारी और कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। झारखंड राज्य ने भाजपा को 14 में से 12 सांसद जीता के दिये, पर उसके बावजूद यहां के ज्वलंत मुद्दों को नजरअंदाज किया।

नयी परियोजनाओं की शुरुआत तो जरूरी है, पर जो विरासत में मिली है, उसे भी संभालना हम सबकी जिम्मेदारी है और कहीं ना कहीं केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री इस जिम्मेदारी से पीछे हट रहे हैं।

## सोहराई जतरा पूजा समारोह का आयोजन कोकर जतराटांड़ में धूमधाम के साथ मनाया गया




**रांची (आजाद सिपाही)।** कोकर बारह पड़हा जतरा टांड सरना समिति के द्वारा सोहराई जतरा पूजा समारोह का आयोजन कोकर जतरा टांड़ में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जतरा की शुरुआत पाहन शुभम मुंडा के द्वारा विधिवत रंगवा में मुर्गे की बलि देकर समस्त झारखंडवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की गयली। जतरा समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने अपने भाषण में कहा कि आदिवासी समाज शुरू से प्रकृति पूजक रहा है और आदिवासी समाज से अन्य समाजों को सीख लेने की आवश्यकता है और सोहराई पूजा की बधाई देते हुए सुंदर आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुरेश बैठा शामिल हुए। जतरा समारोह में बारह पड़हा जतरा टांड़ सरना समिति के लगभग सभी 12 गांव के खोड़हा दलो की टीम जतरा पूजा की अगुवाई करता अखड़ा कोचा, चूना भट्टा, जामुन टोली, कोकर चौक, लोहरा कोचा, गीतील कोचा, कोलम कोचा, पाहन टोली, खोरहा टोली, अपनी अपनी पारंपरिक वेशभूषा ढोल नगाड़े गाजे बाजो के साथ जतरा पूजा स्थल में नाचते गाते शामिल हुए।

## बिरसा मुंडा की तर्ज पर हमें अधिकार के लिए लड़ना होगा: फूलचंद तिर्की

**रांची (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर केंद्रीय सरना समिति और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य कोकर टुंकी टोली से पदयात्रा कर ढोल ढाक मांदर के साथ भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल पहुंचे और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ी और अंग्रेजो और शोषण और अत्याचार के विरुद्ध भी लड़ाई लड़ी। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, बना मुंडा, सोनी हेंब्रोम, सुखवरो, सीमा, किशन और अन्य शामिल थे।

## काली पूजा समिति में जागरण का आयोजन हुआ



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री श्री काली पूजा समिति बजरंग क्लब में जागरण का आयोजन किया गया । जागरण में भक्तों ने माता के गानों में बहुत झूमा और आनंद लिया। भंडारा का आयोजन भी किया गया। भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद को ग्रहण किया। आज विशाल शोभा यात्रा संध्या 6:00 बजे निकाला जायेगा।

## गढ़वा बाइपास सड़क निर्माण कार्य तुष्टीकरण के कारण हो रहा बाधित: बीरेंद्र साहू

**रांची (आजाद सिपाही)।** विहिप प्रांत मंत्री डॉ बीरेंद्र साहू ने कहा है कि झारखंड के गढ़वा जिला के अंचल नावाडीह गांव में अवैध कब्रिस्तान से गुजर रही सड़क में 100 मीटर कार्य बाधित है। रेहला-गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 23 किलोमीटर लंबा है, जो गढ़वा शहर का बाइपास है। इस बाइपास का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। परियोजना गढ़वा जिले के अंचल नावाडीह गांव से मौजूद अवैध कब्रिस्तान से होकर गुजर रही है। राज्य सरकार की तुष्टीकरण के कारण यह कार्य अभी तक बाधित है। गढ़वा अंचल अधिकारी और 6 मार्च 2019 को उच्च न्यायालय द्वारा आदेश में अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया था, इसके बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। 27 जून 2023 को उक्त अतिक्रमित कब्रिस्तान पर फ्लाईओवर निर्माण से संबंधित स्वीकृति की बात सामने आ रही है, जो तुष्टीकरण नीति के तहत मुसलमानों को खुश करने का कार्य वर्तमान झारखंड सरकार कर रही है। यह असंवैधानिक और हिंदू जन भावनाओं को भड़काने वाली है। अवैध कब्रिस्तान को बचाने के लिए फ्लाईओवर निर्माण करने के प्रस्ताव पर विश्व हिंदू परिषद ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों का दुरुपयोग करने का कार्य सरकार न करे। डॉ साहू ने कहा कि इस संबंध में नितिन गडकरी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को विश्व हिंदू परिषद ने एक पत्र देकर फ्लाईओवर निर्माण के कार्य को स्थगित कर अवैध कब्रिस्तान को हटा कर ही मार्ग निर्माण करने का आग्रह किया है। इस मौके पर प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत प्रचार प्रसार सह प्रमुख प्रकाश रंजन, विवेकानंद नगर अध्यक्ष जयंत कुमार झा, संतोष कुमार मिश्रा, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बिरसा हमारे भगवान : प्रभारी कुलपति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ जनजातीय गौरव दिवस अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ तथा प्रदर्शन कला विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी कुलपति प्रो. कुंज बिहारी पांडा ने कहा की बिरसा हमारे भगवान हैं क उनके द्वारा बचपन में ही रामायण और महाभारत का पठन-पाठन कर लिया गया था। अल्पायु में ही भगवान बिरसा मुंडा ने परमात्मा का साक्षात्कार किया था। उन्होंने न केवल सबका मन जीता, बल्कि उन्होंने सबका विश्वास भी जीता। धर्मांतरण का उन्होंने कड़ा विरोध किया। इसाईयत का पर्दाफाश किया।

इस अवसर पर पूर्व सहायक आयकर आयुक्त देव व्रत पाहन ने कहा कि भारत वीर सपूतों वीरांगनाओं की जननी है। बिरसा मुंडा जन्म से ही विलक्षण बुद्धि के बालक थे। 25 वर्ष की छोटी सी अवधि में जनजातियों और देश की हित में बिरसा ने इतने अच्छे-अच्छे कार्य किये कि लोग उन्हें धरती आबा के नाम से याद करते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव के के राव ने कहा कि भगवान बिरसा से हम विद्यार्थियों को यह शिक्षा लेनी चाहिए कि कैसे धर्म और संस्कृति की रक्षा की जा सकती है।

## सहारा प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन



**मुंबई (आजाद सिपाही)।** मशहूर कारोबारी सुब्रत रॉय सहारा (75) का मुंबई में निधन हो गया। सहारा परिवार के मुखिया सुब्रत रॉय काफी दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे और उनका इलाज मुंबई के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। उनके पार्थिव शरीर को चार्टर प्लेन से लखनऊ लाया गया। जहां अंतिम संस्कार होगा। उनके निधन पर कई गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# एक बार फिर जहरीली हुई हवा

पिछले सप्ताह हुई बारिश से बदले मौसम के मिजाज ने राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण से जो राहत दी थी, वह दिवाली तक ही रही। दिवाली के बाद दिल्ली समेत उत्तर भारत के तमाम शहरों में सांस लेना वैसे ही मुश्किल हो गया है, जैसा आम तौर पर इस मौसम में होता रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में इस साल दिवाली पर फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पीएम 2.5 और पीएम 10 के स्तर में पिछले साल दिवाली के मुकाबले क्रमशः 45 और 33 फीसदी की बढ़ोत्तरी पायी गयी। निश्चित रूप से इसके पीछे वे तमाम कारण हैं, जिन पर बात लगातार होती रहती है, लेकिन इस वक्त जो चीज सबसे ज्यादा मुंह चिढ़ाती दिख रही है, वह है दिवाली में हुई आतिशबाजी। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए प्रभावी नीतियां बनाकर उन्हें सही ढंग से लागू करने के मामले में सरकारों की नाकामी निश्चित रूप से तकलीफदेह है, लेकिन इस बात का क्या करें कि पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध होने के बावजूद ऑनलाइन ऑर्डर देकर घरों पर पटाखे मंगाये गये और देर रात तक फोड़े जाते रहे। क्या ऐसा करने वालों को पता नहीं था कि अगले दिन उन्हें उनके साथ-साथ हजारों ऐसे लोगों को भी ये हवा अपने फेफड़ों में भरनी है, जो अस्थमा या दूसरी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं? यह साल में सिर्फ एक बार कोई पर्व मना लेने भर का मामला नहीं है।

**दिल्ली-एनसीआर में पिछले हफ्ते शुक्रवार को हुई बारिश के बाद प्रदूषण से जो राहत मिली थी, वो दिवाली तक ही रही। दिवाली पर दिल्ली-एनसीआर में बैन के बावजूद भी जमकर आतिशबाजी हुई। इसके बाद फिर से राजधानी की हवा जहरीली हो गयी।**

यह बताता है कि एक समाज के रूप में हम आज भी कितने गैर-जिम्मेदार बने हुए हैं। हालांकि इन सबके बावजूद इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की समस्या बनी रहने के पीछे दिवाली के पटाखों की सीमित भूमिका ही है। इसके लिए ज्यादा जिम्मेदार पराली, बायोमास और कोयले को बताया जाता है। दिलचस्प है कि प्रदूषण का असर दिखना शुरू होने पर जब सरकार सक्रिय होती है, तब भी उसका ज्यादा जोर ऑड-इवन लागू करने और कंस्ट्रक्शन रोकने जैसे कदमों पर होता है, जबकि अध्ययन बताते हैं कि प्रदूषण में गाड़ियों और कंस्ट्रक्शन डस्ट का योगदान 20 फीसदी ही होता है। सबसे ज्यादा भूमिका पराली जलाने के चलन की है। यहां भी सरकारी कोशिशें किसानों पर सख्ती करने की ओर केंद्रित दिखती हैं, जबकि यह मूलतः टेक्नॉलजी से जुड़ी समस्या है। असल में कंबाइन हार्वेस्टर का जो डिजाइन हमारे देश में इस्तेमाल होता है, वह कुछ इंच स्टबल छोड़ देता है। मगर ऐसे कंबाइन हार्वेस्टर भी उपलब्ध हैं, जो एकदम जमीन से फसल काट सकते हैं। क्या उन्हें नहीं आजमाया जा सकता? जहां तक वाहनों से होने वाले प्रदूषण की बात है, उन पर काबू पाने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट को और बेहतर बनाना होगा, साथ ही लास्ट माइल कनेक्टिविटी भी देनी होगी। इसके अलावा ऐसे उपाय भी हैं, जिनके सहारे अन्य देशों ने अपने यहां की हवा को साफ करने में कामयाबी पायी है। जाहिर है, राजनीतिक इच्छाशक्ति हो, तो हर साल आने वाली इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**कई बार विभिन्न दलों के समस्त प्रत्याशी कुछ मतदाताओं को पसंद नहीं आते हैं। इन परिस्थितियों में ऐसे मतदाताओं को नोटा का बटन दबाने का अधिकार रहता है। परंतु कोई प्रत्याशी मतदाता की नजर में एक सौ प्रतिशत खरा होगा, ऐसा संभव भी तो नहीं है। ऐसे में जरूरी है कि तमाम संभव विकल्पों पर गौर किया जाये और तब बीच का कोई रास्ता निकाला जाये।**

# शत-प्रतिशत मतदान से ही सुधरेगी जन प्रतिनिधियों की गुणवत्ता

**प्रह्लाद शर्मा**

भारत आज वैश्विक पटल पर एक महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है और भारत विश्व को कई क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करने की स्थिति में भी आ गया है। कुछ देश (चीन और पाकिस्तान सहित) भारत की इस उपलब्धि को सहन नहीं कर पा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर समस्त विघटनकारी शक्तियां मिलकर भारत को तोड़ना चाहती हैं। इन विघटनकारी शक्तियों द्वारा भारत में जातीय संघर्ष खड़ा करने के प्रयास भी किये जा रहे हैं, जबकि भारत के कई सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक संगठन समस्त भारतीय समाज में एकजुटता बनाये रखना चाहते हैं, ताकि भारत को एक बार पुनः विश्व गुरु बनाया जा सके। परंतु आज विघटनकारी शक्तियों के निशाने पर मुखर रूप से हिंदुत्व, भारत और संघ आ गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्वयंसेवकों में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया है। संघ के स्वयंसेवक समाज की सज्जन शक्ति के साथ मिलकर समाज में जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं कि किस प्रकार इन विघटनकारी शक्तियों को परास्त किया जा सकता है। भारत में शीघ्र ही निर्वाचन काल प्रारंभ होने जा रहा है। भारतीय लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आज राष्ट्र को भारत माता के प्रति समर्पण का भाव रखने वाले नागरिकों की बहुत अधिक आवश्यकता है। अतः भारतीय समाज द्वारा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान किया जाये और राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत प्रत्याशी ही चुनाव जीत सकें, इसके लिए समाज को साथ लेकर भारतीय नागरिकों द्वारा विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। इस संदर्भ में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा भी कई तरह के प्रयास समय-समय पर किये जाते हैं, ताकि देश के नागरिकों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान किया जा सके। निश्चित ही 50 प्रतिशत नागरिकों द्वारा चुने गये प्रतिनिधि की तुलना में 90 अथवा एक सौ प्रतिशत नागरिकों द्वारा चुने गये प्रतिनिधि बेहतर प्रतिनिधि ही साबित होंगे। अतः अधिक से अधिक मतदान किया जाना आज समय की आवश्यकता है। इससे चुने गये प्रतिनिधियों की गुणवत्ता में तो सुधार होगा ही, साथ ही वर्तमान समय में भारत की आर्थिक प्रगति भी जारी रह सकेगी और भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित होते हुए भी हम लोग देख सकेंगे।

**लोकतंत्र की मजबूती के लिए मजबूत सरकारों का चुना जाना अति जरूरी है।**




कई बार विभिन्न दलों के समस्त प्रत्याशी कुछ मतदाताओं को पसंद नहीं आते हैं। इन परिस्थितियों में ऐसे मतदाताओं को नोटा का बटन दबाने का अधिकार रहता है। परंतु कोई प्रत्याशी मतदाता की नजर में एक सौ प्रतिशत खरा प्रत्याशी होगा, ऐसा संभव भी तो नहीं है। इन परिस्थितियों में कम से कम बुरे प्रत्याशी को चुना जा सकता है। नोटा का बटन दबा कर तो कम बुरे प्रत्याशी के स्थान अधिक बुरा प्रत्याशी ही चुना जा सकता है। संघ के परम पूज्य सर संघचालक भी कहते हैं कि नोटा में हम लोग सर्वोत्तम को भी किनारे कर देते हैं और इसका फायदा सबसे बुरा उम्मीदवार ले जाता है। होना यह चाहिए कि हमारे पास जो सर्वोत्तम उपलब्ध है, उसे चुन लें। प्रजातंत्र में सौ फीसदी लोग सही मिलेंगे, ऐसा बहुत मुश्किल है। यह आकलन पूर्णतः सही ही कहा जा सकता है, क्योंकि मतदाता भले ही नोटा दबा कर यह समझे कि उसने सभी उम्मीदवारों को अस्वीकार कर दिया है, लेकिन शायद उसे यह नहीं पता होता कि इससे किसी ऐसे उम्मीदवार की कम अंतर से हार हो सकती है, जो उन सबमें सबसे बेहतर हो। ऐसे में नोटा को गये वोट अगर उस हारे उम्मीदवार को जाते, तो वह जीत सकता था। अगर इस कारण किसी बुरे उम्मीदवार की जीत हो जाती है, तो फिर नोटा दबाने के कोई मायने ही नहीं रह जाते।

भारत में चुनावों पर हजारों करोड़ रुपये की राशि खर्च होती है। अतः केंद्र और राज्यों में मजबूत सरकारों का चुना जाना अति आवश्यक है, ताकि वे अपने पांच वर्ष के कार्यकाल को सफलतापूर्वक संपन्न कर सकें। यदि एक सौ प्रतिशत मतदान के साथ किसी भी सरकार को चुना जाता है, तो निश्चित ही मजबूत सरकार होगी और वह अपना कार्यकाल पूर्ण कर सकने में सफल भी होगी और इस प्रकार मध्यावधि चुनावों की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। इस प्रकार देश के करोड़ों रुपये के खर्च को बचाया जा सकेगा।

इसलिए भारत में आज पढ़े-लिखे और समझदार वर्ग को भी आगे आकर एक सौ प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास करने चाहिए, क्योंकि जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में भारत आज आगे बढ़ रहा है, यह कार्य लंबे समय तक जारी रहना चाहिए। इस्राइल के नागरिकों में देश प्रेम की भावना के चलते ही तीन लाख से अधिक नागरिकों ने आगे आकर सेना में भर्ती होने के वहां की सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार किया है। भारत में भी देश के प्रतिनिधि राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव रखने वाले ही होने चाहिए।

भारतीय समाज की एकजुटता के कारण ही आज भारत में रामसेतु का विध्वंस रुक सका है, जम्मू-कश्मीर में लागू धारा 370 एवं धारा 35-ए हटायी जा सकी है, पांच सौ वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या में निर्मित हो रहा है, जिसका उद्घाटन 22 जनवरी 2024 को पूज्य संत-महात्माओं के साथ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी के कर कमलों द्वारा संपन्न होने जा रहा है। जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता आज भारत के पास है और भारत इस समूह के समस्त देशों को एकजुट बनाये रखने में सफल रहा है। भारत ने चंद्रयान को चंद्रमा के दक्षिणी भाग पर सफलतापूर्वक उतारने में सफलता हासिल की है और चंद्रमा की सतह पर 'शिवशक्ति' को अंकित करने में भी सफलता पायी है। भारत आज अपनी सीमाओं की मजबूती के साथ सुरक्षा करने में सफल हो रहा है। खेलों के क्षेत्र में भी नित नये झंडे गाड़े जा रहे हैं। हाल ही में चीन में संपन्न हुई एशियाई खेल प्रतियोगिताओं में भारत ने 107 पदकों को हासिल कर एक रिकॉर्ड बनाया है।

इसी प्रकार नागरिकों को आज अच्छी सड़कें मिली हैं, पानी-बिजली की उपलब्धता बढ़ी है, राज्यों में विकास की यात्रा तेजी से आगे बढ़ रही है। राज्यों के चुनाव भी बहुत महत्वपूर्ण माने जाते हैं, क्योंकि राज्यसभा सदस्य राज्य के विधायकों द्वारा ही चुने जाते हैं। इस दृष्टि से विभिन्न राज्यों के चुनाव में भी एक सौ प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## जमशेदपुर और ओड़िशा की खबरें

# मानगो में चित्रगुप्त पूजा का आयोजन, 2000 से ज्यादा लोग हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के मानगो चित्रांश महापरिवार के द्वारा श्री श्री चित्रगुप्त महाराज का पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। बुधवार मानगो डिमना रोड अविनाश नगर स्वर्णरेखा प्रोजेक्ट के सामने आयोजित चित्रगुप्त पूजा में सम्मानित अथितियों में सरायकेला जिले के एडीसी सुबोध श्रीवास्तव, अनुमंडल पदाधिकारी जमशेदपुर पियूष सिन्हा, अंचल अधिकारी जमशेदपुर ब्रजेश श्रीवास्तव, अंचल अधिकारी चांडिल अमित श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव कृषि विभाग नवीन श्रीवास्तव अथिति के तोर पर उपस्तित रहे। मौके पर चित्रांश महापरिवार के सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। पूजा समारोह में लगभग 2000 से ज्यादा लोग सपरिवार शामिल हुये। सभी चित्रांश परिवार पूजनोत्सव में पूजा अर्चना कर परिवार के लिए सुख शांति और



समृद्धि के लिए कामना की। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाम को भजन संध्या में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बिरादरी भोज में सभी परिवार के लोग आंनद उठाये। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, संजय वर्मा, प्रीति सिन्हा, संजीव श्रीवास्तव, संजीव सिन्हा, आनंद प्रकाश, पवन कुमार, अनिल कुमार सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव, निर्मल कुमार सिन्हा, विष्णु प्रसाद सिन्हा, संतोष श्रीवास्तव, राजीव रंजन सिन्हा, अनमोल किशोर, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, राजू सिन्हा, आशुतोष कुमार सिन्हा , नवीन कुमार श्रीवास्तव, विशाल परासर , अमृत राज सिन्हा, रवि रंजन सिन्हा, राजीव श्रीवास्तव, गुंजन कुमार, राजन कुमार श्रीवास्तव, राजीव सिन्हा, आशीष कुमार श्रीवास्तव, अंकुर कुमार का योगदान रहा।

# जयंती पर याद किये गये धरती आबा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बांकी में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि घाटशिला विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन शामिल हुए। मौके पर विधायक ने घाटशिला प्रखंड अंतर्गत दामपाड़ा क्षेत्र के बांकि पंचायत परिसर में स्थापित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 148वां जन्म जयंती पर ग्रामीणों के संग उनकी आदमकद मूर्ति को नमन करते हुए माल्यार्पण किया।



साथ ही उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की सीख ली। इस अवसर पर विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि बांकी पंचायत मंडप परिसर का जल्द चारों ओर सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जायेगा। साथ ही भगवान विरसा मुंडा की भव्य आदमकद मुर्ति स्थापित की जायेगी। वही वीर बिरसा मेमोरियल क्लब बांकी द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अथिति विधायक रामदास सोरेन शामिल हुए। विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने सभी खिलाड़ियो का हौसला अफजाई किया। मौके पर कान्हु सामंत,कालीपोदो गोराई, विक्टर सोरेन, वकील हेंब्रम,भादो हंसदा, दुर्गा चरण मुर्मू, बादल किस्कू, शिपु शर्मा, गांव के ग्राम प्रधान अशोक टुडू,धीरेन पात्र,दिलीप मन्ना सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी और क्लब के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# आज का दिन देश की आदिम जनजाति के लिए विशेष दिनः रघुवर दास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ओड़िशा।** राज्यपाल रघुवर दास ने कहा कि आज का दिन देश की आदिम जनजाति और जनजातीय समुदाय के लोगों के लिए विशेष दिन है। योजना का लक्ष्य जनजाति और जनजातियों का पूर्ण विकास करना है। ओडिशा में जहां 13 आदिम जनजातियां हैं, वहीं इस योजना के तहत केंद्र सरकार की विभिन्न लोक कल्याण योजनाओं के बारे में गरीबों और आदिवासियों को जागरूक करने के लिए 2 रथ क्योंझर जिले के 13 प्रखंडों से होकर गुजरेंगे। राज्यपाल रघुबर दास ने कहा परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब, आदिवासी और हाशिए पर रहने वाले लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

# सोआ ने वियतनामी प्रांत विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन पर किये हस्ताक्षर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर 15/11 शिक्षा ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (सोआ) ने मंगलवार को शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वियतनाम के विन्ह लॉन्ग प्रांत के शिक्षा और प्रशिक्षण विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू में कहा गया है कि सहयोग का उद्देश्य शैक्षिक गतिविधियों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और अन्य गतिविधियों में भारत और वियतनाम के बीच मौजूदा दोस्ती और



अभिसरण को बढ़ाना है। इस अवसर पर सोआ और विन्ह लॉन्ग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एजुकेशन (वीएलयूटीई) वियतनाम यूनिवर्सिटी ऑफ कुउ लॉन्ग, लॉन्ग हो, वियतनाम और पुतिन एनिमल फीड कंपनी लिमिटेड, विन्ह लॉन्ग सिटी के बीच तीन अन्य अलग-अलग समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए गए। वियतनामी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डॉ. गुयेन थी क्वेन थान्ह, विन्ह लांग प्रांत की पीपुल्स कमिटी के उपाध्यक्ष। विन्ह लॉन्ग शिक्षा विभाग और सोआ के बीच समझौता ज्ञापन ने दोनों देशों के छात्रों के लिए सीखने के अवसर पैदा करने और सांस्कृतिक और छात्र-शिक्षक आदान-प्रदान के माध्यम से आपसी संबंधों और समझ को बढ़ावा देने के लिए आपसी सहयोग को रेखांकित किया। सहयोग के क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी, नैनो प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, जैव प्रौद्योगिकी और वियतनामी और भारतीय सांस्कृतिक अध्ययन और आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के साथ उच्च शिक्षा शामिल होगी। दोनों पक्ष वैज्ञानिक अनुसंधान में सहयोग और कृषि अर्थव्यवस्था पर विशेष जोर देने के साथ विज्ञान और इंजीनियरिंग में प्रगति को आर्थिक विकास में बदलने पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। सोआ और वीएलयूटीई के बीच समझौते का उद्देश्य समझ को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक संबंध को मजबूत करना, छात्रों, संकाय सदस्यों और अन्य लोगों के आदान-प्रदान के अवसर पैदा करना और वीएलयूटीई व्याख्याताओं को पीएचडी करने में सक्षम बनाना है।

# गधडा ग्राम पूजा कमिटी ने किया गोट पूजा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधान सभा स्थित गधडा ग्राम पूजा कमिटी के अध्यक्ष जेना जामुदा के नेतृत्व में गोट पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष जेना जामुदा ने बताया कि गधड़ा पुराना पंचायत मैदान के गोट पूजा स्थल में प्राचीन काल से इस पूजा को गांव वाले आदिवासी परंपरा के अनुसार मनाते आ रहे हैं। प्रत्येक साल हल चलाने के पूर्व बेलों की



पूजा कर खेती की जाती है। उन्होंने कहा कि पूर्वजो के बताए हुए रास्ते पर चलने से खेत में अच्छी अनाज होने की परंपरा हैं। इस अवसर पर गांव वालों ने पशुओं को तेल लगाकर उन्हें पूजा कर भर पेट खाना खिलाया। सभी ग्रामीण पशुओं को खुश कर गांव वालों के लिए खुशहाली की कामना की। पूजा अर्चना के बाद सभी ग्रामीण बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर ग्राम पूजा कमेटी के अध्यक्ष जेना जामुदा,राजेश सामंत,ग्राम प्रधान सुखलाल हेंब्रम, बिस्वाजीत भगत,विजयपूर्ति, पुजारी मोगधो भूमिज, सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# गढ़वा में बंटी 182 करोड़ की परिसंपत्ति

कार्यक्रम में उपायुक्त के हाथों लाभुकों के बीच 182 करोड़ 81 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर टाउन हॉल गढ़वा के मैदान में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्य में उपायुक्त समेत पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा समेत अन्य अतिथियों के जिसके पश्चात मंच पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर एवं भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी एवं उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह व मंचासीन अन्य पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं विकसित झारखंड और खुशहाल झारखंड होने की कामना की।

उपायुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को झारखंड राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गयी। उन्होंने कहा कि आज 23 वर्ष पहले हमारा राज्य बिहार से अलग हुआ। 23 वर्ष पहले हमारा राज्य कहां था और आज हमारा राज कहां है। यह आप सभी के समक्ष है। राज्य में शिक्षा का स्तर बढ़ा है, स्कूल पर्याप्त संख्या में नहीं थे शिक्षक पर्याप्त संख्या में नहीं थे परंतु अभी स्थिति काफी बदली है, हमारे राज्य में शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में व्यवस्थाएं दुरुस्त हुई है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हमने काफी अच्छा कार्य किया है और निरंतर हमारा विकास का गति बढ़ रहा है। केंद्र और राज्य सरकार बहुत सी योजनाएं चलती है, उसकी जानकारी ले एवं उन योजनाओं का लाभ उठाएं। हमारा मुख्य दायित्व है कि हम इन योजनाओं का शत प्रतिशत लाभुकों तक इसका लाभ पहुंचाए यह हमारा उद्देश्य है। जिले के जेएसएलपीएस की 1 लाख 30 हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है कि उन्हें किस प्रकार से सशक्त बनाएं। जिससे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी इनसे सहयोग लिया जा सके। कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा लाभुकों के बीच लगभग 182 करोड़ 81 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण और स्वीकृति/ अनुदान का लाभ दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी तथा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी और कर्मी, लाभुक, गणमान्य नागरिक और मीडियागण उपस्थित थे।

# पीएम ने आवासीय विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया (गढ़वा)।** झारखंड स्थापना दिवस और जनजातीय गौरव दिवस के शुभ अवसर पर भंडरिया में स्थापित नवनिर्मित एकलव्य आवासीय विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया। झारखंड के खूंटी में आयोजित प्रधानमंत्री का संबोधित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से एकलव्य विद्यालय परिसर में लोगों को दिखाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार व अंचलाधिकारी राकेश भुषण सिंह मुखिया विनय सिंह झामुम प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की व प्रखंड उपाध्यक्ष रविशंकर कश्यप सहित अन्य लोगों के द्वारा वीर सहित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख रूकमनी कुमारी उप प्रमुख श्रद्धा देवी सभी 6 पंचायत का मुखिया सोहर सिंह, सविता कुमारी, प्रेमी देवी बीडीसी महेश यादव,वार्ड सदस्य जेएसएलपीएस कर्मी सहित काफी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिला उपस्थित थे।

राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के बैनर तले बिरसा मुंडा की जयंती पर बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर मलयार्पणकर बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से आदिवासी महासभा के प्रखंड अध्यक्षनीलम कुजूर राजेश मिंज, केश्वर केरकेट्टा ललन सिंह, प्रेम सिंह तिमुथ्यूस कुजूर आदि उपस्थित थे। वहीं बाहर भंडरिया के जोगिया मठ चौक पर भूईहर मुंडा समाज के अध्यक्ष दिलीप मुंडा के द्वारा अपने संबोधन में भुईहर मुंडा समाज के अनुसूचित जाति में शामिल करने की झारखंड सरकार से मांग की तीनों जगह बिरसा मुंडा जयंती मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राम सकल नागवंशी राकेश मुंडा प्रदीप मुंडा, दिलीप मुंडा, उपेंद्र मुंडा अशोक आदि का नाम सराहनीय है।

# बाल विवाह के खिलाफ महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** जीसेलपीएस के तत्वावधान में सोनडीहा पंचायत के हरिजन टोला में बाल विवाह व महिलाओं और बच्चों के हिंसा के खिलाफ, उसे समाप्त कराने को लेकर महिला समूह के द्वारा जागरूकता रैली निकाला गया। जागरूकता रैली गांव के ही महिला समूह और बच्चों के द्वारा निकाला गया। वहीं सोनडीहा हरिजन टोला से लेकर शिव मंदिर होते हुए सोनडीहा पंचायत भवन होते हुए पुनः रैली हरिजन टोला पहुचकर सम्पन्न किया गया। रैली में शामिल समूह की महिलाएं आओ मिलकर बढ़ाएं कदम, बाल विवाह को मिटाएँ हम, हर कोई अगर चाहेगा, बाल विवाह बंद हो जायेगा, पढने खेलनें का उम्र है, बाल विवाह जुर्म है, चलो अब शुरूआत करो, बाल विवाह का नाश करो, जन जन में करो प्रचार, बाल विवाह है बेकार, हम सब ने ठाना है, बाल विवाह मिटाना है, हर घर अगर चाहेगा, बाल विवाह बंद हो जायेगा सहित अन्य नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम के अंत मे बाल हिंसा और बाल विवाह को समाप्त कराने को लेकर शपथ भी दिलाया गया। मौके पर प्रमिला देवी, अनीता देवी, दुलारी देवी, राजमणि देवी, प्रेमलता देवी, रवीना खातून, अमरावती देवी, रीता देवी, गीता देवी, खुशी देवी, रिया कुमारी जेंडर सीआरपी पूनम देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# मुखिया ने किया खेल मैदान का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सिलीदाग में मनरेगा अधिनियम मद से निर्मित योजना-ग्राम सिलीदाग में आंगनबाड़ी केंद्र के समीप खेल मैदान का शिलान्यास मुखिया अनीता देवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुखिया अनीता देवी ने कहा कि ये खेल मैदान ग्राम हित में बहुत ही जरूरी था। गांव के बच्चों को खेलने हेतु कोई खेल मैदान नही था। इस खेल मैदान के बन जाने से सभी बच्चों को एक स्थान पर होकर खेलने का मौका मिलेगा। मुखिया ने कहा कि मैं पंचायत के हित में दिन रात मेहनत कर रही हुं। ताकि सरकार के द्वारा योजना का लाभ हर जरूरी लोगो को मिले। मौके पर पंचायत रोजगार सेवक आलोक तिवारी, वार्ड सदस्य शैलेंद्र सिंह, मेठ अंचला कुमारी, कृष्णा ठाकुर, उदित ठाकुर, मनीष कुमार, सुमन, तारा देवी, ज्ञांति देवी, संध्या देवी, माया देवी, नीरा देवी कवली देवी और काफी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चें उपस्थित थे।

# जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड के आदिवासी बाहुल्य गांव रामबांध में ग्रामीणों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह जन जातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सूरज गुप्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथि और स्थानीय लोगों ने धरती आबा बिरसा मुंडा के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें नमन किया एवं संकल्प लिया की मुंडा जी के बताए रास्ते पर हमलोग चलकर समाजहीत में कार्य करेंगे। मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा की भगवान बिरसा मुंडा ने कम उम्र में ही अपने संघर्ष और गरीबों के प्रति समर्पित विचार के बदौलत अपने नाम को रौशन किया आज उनके किए गए कार्य के आधार पर पूरे देश के लोग जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा की स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजों से लोहा लेने वाले बिरसा मुंडा आज हम लोगों के बीच नहीं है लेकिन उनके विचार को हथियार बनाकर गढ़वा विधानसभा को गुलामी की जंजीरों से निकालने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। श्री गुप्ता ने कहा कि आजादी के बाद आदिवासी, पिछड़ी एवं दलित समाज को उपेक्षित रखा गया केंद्र में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही यह समाज रात दिन विकास के पथ पर अग्रसर है। भाजपा नेता ने कहा कि पूरा देश आज जनजातीय गौरव दिवस माना रहा है यह मोदी जी का दिन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौतम उरांव और संचालन रामलाल भुईहर ने किया। मौके पर भाजपा नेता पवन कुमार केसरी, मनोज गुप्ता, धनंजय पासवान, विक्की साहू, जयप्रकाश उरांव, योगेंद्र उरांव, धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार उरांव, सरोज उरांव, सपना देवी, कुंती देवी, सुनीता देवी, ममता देवी, प्रीति देवी, पूजा देवी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

# भैया दूज का पर्व श्रद्धा भाव से मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक भैया दूज का पर्व श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस दौरान बहनों ने पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना कर भाई की लंबी आयु की प्रार्थना की। महिलाओं ने गोबर से यम बनाकर दीप, कपूर, धतूर, अगरबत्ती पुष्प आदि अर्पित कर पूजा-अर्चना की गयी। प्रखंड के पुरानी बाजार, नई बाजार, पोखरा चौक, संध्या, कोचेया, पिपरी, जतपुरा, सरांग, चितरी सहित विभिन्न गांव में भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने गीत और सोहर गाकर भाई दूज के पर्व की महत्ता पर चर्चा की। बहनों ने भाइयों के माथे पर मंगल तिलक लगाकर एवम प्रसाद खिलाकर उनकी लंबी उम्र की कामना किया।

रक्षाबंधन के बाद, भाईदूज ऐसा दूसरा त्योहार है, जो भाई बहन के अटूट प्रेम को समर्पित है। इस दिन भाई को तिलक लगाकर प्रेमपूर्वक भोजन कराने से परस्पर प्रेम बढ़ता ही है। भाई की उम्र भी लंबी होती है।

**क्या है भाईदूज की मान्यता**

भाईदूज के रूप में मनाए जाने वाले त्योहार के लिए ऐसा माना जाता है कि दीपावली के बाद भाई दूज के दिन ही यमराज अपने बहन यमी के घर गए थे। यमराज की बहन यमी ने उनके माथे पर तिलक लगाकर सलामती की दुआ मांगी थी। इस पर यमराज ने अपनी बहन को हमेशा इस दिन उसके पास आने का वचन दिया। मान्यता है कि इस दिन जो भी भाई अपनी बहन से माथे पर तिलक लगाता है, उसकी लंबी आयु होती है। एक अन्य कथा के अनुसार भगवान श्री कृष्ण ने नरकासुर का वध करने के बाद अपनी बहन सुभद्रा के घर गए थे। कृष्ण की बहन सुभद्रा ने दिए जलाकर भाई का स्वागत किया था. और तिलक लगाकर लंबी उम्र की दुआ मांगी थी।

## बहनों ने भाइयों को तिलक लगा कर की दीर्घायु की कामना



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)(आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को भाई के लंबी आयु की कामना का पर्व भाई दूज यानी गोवर्धन पूजा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाई-बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्यौहार को जितना उत्साह बहनों में दिखा उतने ही भाई भी उत्साहित दिखे। भाई के लंबी उम्र की कामना हर बहनों के मन व दिलों में सदियों से रही है। वही भाइयों ने अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। बहनें अपने-अपने घरों में परंपरागत रूप से गायों की पूजा की। इधर महिलाओं ने जीवन हॉस्पिटल के समीप एनएच 75 किनारे, हेंहो मोड़, स्टेट बैंक के समीप, जगत क्लॉनी , जंगीपुर सहित विभिन्न जगहों पर पूजा अर्चना की गयी। पूजा के दौरान बहनों ने सर्वप्रथम हलजुवात से चना गड़ी व रंगीली कांटा को कुटा, तत्पश्चात बहनों ने चना गड़ी का प्रसाद भाइयों को खिलाया और भाई के लंबी आयु के लिए रंगीली कांटा अपने जीभ में चुभाया। मौके पर मीना देवी, मीना देवी, श्रृष्टि कुमारी, शिला देवी, रजनी कुमारी, रेशम सहित बड़ी संख्या महिलाएं मौजूद थी।**

# कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा नगर इकाई द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती सह राज्य स्थापना दिवस पर स्थानीय रामा साहु +2 उच्च विद्यालय के मैदान में प्रमंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से विभाग प्रमुख सत्यदेव पांडे, प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुवेर्दी,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रिंकू तिवारी,विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी, विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ल, दीपक तिवारी, राहुल कुमार मौजूद रहे। प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुवेर्दी ने कहा कि आज अभाविप भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मना रहा है। और हम सभी अभाविप के कार्यकर्ता प्रत्येक गांव जा जाकर सभी ग्रामीण को भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी को बताने का काम करेंगें। भाजपा नेता रिंकू तिवारी ने कहा कि जल जंगल जमीन हमारा है, जिसे भगवान बिरसा मुंडा ने बचाया है। भगवान बिरसा मुंडा जिस प्रकार अपनी माटी के रक्षा के लिए अपना जान न्योछावर कर दिया। इसे हम सभी को सीखने की आवश्यकता है और उनके सिखाए गए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। भगवान बिरसा मुंडा ने जिस प्रकार मिशनरियों के खिलाफ लड़ाई कि यह भी हम सभी को सीखने की आवश्यकता है। विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी ने बिरसा मुंडा के जीवन का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि आज के युवाओं को भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज और देश के लिए आगे आने की जरूरत है। अभी समाज और देश को असामाजिक तत्वों से जनजाति समाज के लोगों को कई प्रकार के खतरे हैं। बिरसा मुंडा की बलिदानी आजाद भारत में व्यर्थ नहीं जाएगी। कार्यक्रम में रमाशंकर सिंह, शशांक चौबे, शुभम तिवारी, सचिन चौबे, सुगंध बघेल, मनीष, रोहित सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# पुलिस इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने छठ घाट का किया निरीक्षण

छठ महापर्व का सफल आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के लिए भगवान भास्कर नगरी नारायण वन में सूर्य मंदिर परिसर की निरीक्षण करने पहुंचे। इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार केतार थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने भव्य मेला का सफल आयोजन को लेकर कई प्रकार के दिशा निर्देश दिए। इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार ने मंदिर परिसर में इस वर्ष पहुचने वाले छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को मेला परिसर में किसी प्रकार परेशानी न हो इसके लिए खास ध्यान रखने को लेकर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार सुरक्षा का खास व्यवस्था की गयी है। उन्होंने मंदिर विकास समिति को 101 भूलेंटियर रखने का निर्देश दिया साथ ही पार्किंग एरिया को विस्तृत और अतिक्रमण मुक्त करने के लिए केतार थाना के जवान भेजने को कहा। इस वर्ष पिछले वर्ष से अधिक भीड़ होने की आसार दिखायी दे रही है। इसके लिए मंदिर विकास समिति और अनुशासन समिति के लोग मेला परिसर को भव्य रूप देने के लिए जी तोड़ प्रयास कर रहे है। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा छठ व्रतियों को स्नान करने के लिए शुद्ध पेयजल, लाइटिंग, पार्किंग, स्वास्थ्य, साउंड की समुचित व्यवस्था कर दी गयी है।

**छठ महापर्व शुक्रवार को नहाए खाए से शुरू होकर सोमवार को अर्ध्यदान के साथ संपन्न होगा**

बताते चले लोक आस्था का चार दिवसीय महान छठ महा पर्व शुक्रवार को नहाए खाय से शुरू होकर सोमवार को अर्ध्यदान के साथ संपन्न होगा। गढ़वा जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर केतार प्रखंड के मुकुंदपुर गांव के दक्षिण ओर तीन ओर से घिरे पहाड़ी वादियों में श्री सूर्य नरायण मंदिर अवस्थित है। मान्यताएं हैं कि वर्षो पुरानी कामनाएं को लेकर पहुचे भक्तों की कामनाए पूर्ण होती है। यहां झारखंड समेत सीमावर्ती प्रदेश बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के भक्तों का आगमन होता है।

**सुप्रसिद्ध सूर्य नारायण की उत्पत्ति**

भास्कर नगरी स्थित सूर्य नारायण की उत्पत्ति मुकुंदपुर के दक्षिण ओर पहाड़ी वादियों में वर्तमान स्थित जल कुंड से भगवान सूर्य और चंद्रमा 8 दशक पूर्व श्री कृष्णा नंद ब्रह्मचारी जी के स्वप्न में आया। ब्रह्मचारी जी बगल के गांव सिंहपुर में यज्ञ करा रहे थे। स्वप्न आने के बाद गांव के कुछ लोगों को लेकर जिस स्थान पर प्रतिमा होने की संकेत स्वप्न में मिला था उस स्थान की खुदाई शुरू करवाई। यह स्थान उस समय भूत गरवा नाम से प्रचलित था। प्रतिमा मिलने के बाद विधिवत पूजा पाठ कराकर भगवान सूर्य और चंद्रमा प्रतिमा की एक छोटा मंदिर में स्थापना की गयी। उसके बाद भव्य मंदिर का निर्माण करा कर 2022 में यज्ञ कराने के उपरांत भगवान सूर्य और चंद्रमा की प्रतिमा स्थापित किया गया।उस समय से इस स्थान पर अपनी मन्नत को लेकर छठ व्रत करते हैं और भक्तों की मुरादे भी पूरी होती है। प्रत्येक वर्ष पुत्र की कामनाएं लेकर आयी माताओं की सुनी गोद भगवान सूर्य की कृपा से भर जाती है। मेला परिसर में ही पिछले वर्ष तीन माताओं ने संतान को जन्म दिया था। इस मौके पर मंदिर अनुशासन समिति के बबलू सिंह, पंकज सिंह, मंदिर विकास समिति के सचिव रविकांत चंद्रवंशी, विकास सिंह, संदीप कुमार, धर्मेंद्र सिंह, जयराम पासवान, नगीना वियार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# कांडी पंचायत की टीम ने जीता फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के असनाखाड़ खेल मैदान में मंगलवार को लड़कियों के लिए एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। यह आयोजन मझिगावां पंचायत की मुखिया रीता देवी और हरिहरपुर पंचायत के मुखिया अनुज सिंह उर्फ निजु सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह थे। खेल मैदान में पहुंचकर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। ततपश्चात फुटबॉल को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट मैच मझिगावां व कांडी पंचायत की लड़कियों की टीम के बीच खेला गया। रेफरी मैन के रूप में मुखिया निजु सिंह थे। मंगलवार की देर शाम में कांडी पंचायत की टीम एक गोल से जीत हासिल की। विजेता टीम को मेडल आदि दे कर उत्साह बढ़ाया। बता दें कि कुछ ही दिन पहले कांडी पंचायत की लड़कियों की फुटबॉल टीम को मुख्यमंत्री आमंत्रण के तहत शिक्षक लक्ष्मण राम के द्वारा खेल किट प्रदान किया गया था। जहां अपने पंचायत की लड़कियों की टीम लिए पंचायत समिति सदस्य ममता देवी के प्रतिनिधि अनूप कुमार के द्वारा निजी खर्च से जूता, फुटबॉल आदि प्रदान किया था। साथ ही उन्होंने एकदिवसीय मैच में शामिल अपने पंचायत की लड़कियों को आने-जाने का खर्च दिया। मौके पर उमंग पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि बबलू साह, नरेश पासवान, अनूप कुमार, जितेंद्र चौबे, मुकेश चौबे, दीपू चौबे, मंसूर अली सहित कई लोग मैदान में उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

## धमधमिया में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिरसा विस्थापित मंच के तत्वावधान में बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रोहिणी परियोजना के मैनेजर दीपक कुमार के अलावा प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, मुखिया संतोष कुमार महली,पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, कांग्रेस नेत्री इंदिरा तुरी, मुखिया दीपमाला कुमारी, महेंद्र उरांव, रंथू उरांव, रामलखन गंझू, सुशील तिवारी, पूर्व मुखिया आशा देवी सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुरा मुंडा और संचालन अमृत भोगता ने किया। सर्वप्रथम बहुरा मुंडा की ओर से प्रतिमा का पूरे पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं, सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। बहुरा मुंडा ने स्वागत भाषण दिया। वहीं, महावीर नायक ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जबकि नागपुरी ऑर्केस्ट्रा में आये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। जयंती के अवसर पर मेला में आये दुकानों में भी ग्रामीणों की काफी भीड़ लगी रही।स ाभी वक्ताओं ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि बिरसा मुंडा ने देश की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई और अपने प्राणों की आहूति दे दी। उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर एम किंडो, रमेशर भोगता, जगरनाथ महतो, कन्हाई पासी, सरजू सिंह, नीतीश कुमार, उमाकांत सिंह, लहसन भोगता, अशर्फी राम, शिवनाथ भोगता, प्रभाकर गंझू, ध्वजा राम धोबी, रामा उरांव, सुखी गंझू, धनराज भोगता, लालमणि भोगता, बालेश्वर उरांव, शिवनारायण लोहरा, उमेश लोहरा, पंकज मुंडा, सूरज लोहरा, किशुन मुंडा, प्रदीप उरांव, रामलगन मुंडा, राजेश वर्मा, लालू मुंडा, सिकंदर गंझू, पप्पू राम, सुखदेव मुंडा, विक्की मुंडा आदि मौजूद थे।

## चेड़ी सरना सोहराय जतरा गेतलसूद में नाचते गाते शामिल हुई खोरहा टीमें



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** चेड़ी सरना गेतलसूद में बुधवार को सोहराय जतरा संपन्न हुआ। पूजा सोमा उरांव ने संपन्न कराया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा, प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया शांति मुंडा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो थे। जतरा में लेंभाटोली, परासटोली, करंजटोली, भाकुटुंगरी, बजरंग चौक, ब्लौरा, रेशम, बीसा, करंजटोली, भेजवाजारा, जिनगाजारा की खोरहा टीम नाचते गाते शामिल हुई। सभी खोरहा टीमों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष मिंटू उरांव ने की। इस अवसर पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि सोहराय जतरा झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, भाजपा नेता रामसाय मुंडा, विधायक प्रतिनिधि शिवदास गोस्वामी, अजय उरांव, जितेंद्र उरांव, बालेश्वर उरांव, प्रेमनाथ उरांव, दशरथ मुंडा, बिट्ठू उरांव, बीचा उरांव और सुकरा उरांव आदि उपस्थित थे।

## आजसू ने सिल्ली में मनाया धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती, पुष्प अर्पित कर किया नमन



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** आजसू की सिल्ली प्रखंड की ओर से बुधवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी। प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत के ब्राह्मणी मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, त्रिलोचन महतो, सुभाष महतो, शिव शंकर प्रसाद, डब्ल्यू महली आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। जयपाल सिंह ने कहा कि धरती आबा के सपने को साकार करने की जिम्मेदारी हर एक झारखंडी पर है। केंद्र सरकार के निर्देश पर बिरसा मुंडा की जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिन उलीहातू में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी है। यह पूरे झारखंड के लिए हर्ष की बात है। वहीं प्रखंड के बंता चौक में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदतकद प्रतिमा पर आजसू के केंद्रीय सचिव सुनील सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली, सुशील चंद्र सिंह मुंडा, प्रवीण कोइरी, गुहीराम कुम्हार आदि ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर सुनील सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समाज के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव थे। उन्होंने अपने धर्म, संस्कृति, जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लड़ते हुए महज 25 वर्ष की आयू में देश के लिए अपना प्राण न्योछावर कर दिया। हम सभी को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर तरुण महतो, सुरेंद्र मुंडा, सुरेंद्र महतो, भरत महतो, शिव शंकर महतो, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, भगवान महतो, सुनील गोश्वामी, पुस्तम महतो, रसोराज नायक, सुखराम बेदिया, हुकुम नाथ महतो, पाहान अनन्त मुंडा आदि उपस्थित थे।

## सिल्ली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली के अलावा पश्चिम बंगाल के तुलीन, झालदा के क्षेत्रों में बुधवार को भाई-बहन के स्नेह का त्योहार भाई दूज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाई को तिलक लगाकर बहनों ने लंबी उम्र की कामना की। बंग समुदाय ने इस त्योहार को भाई फोटा रुप में मनाया। परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर बहनें भाई को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई एवं लंबी उम्र व यश वृद्धि की कामना की। इस दौरान भाइयों ने अपने बहनों को उपहार दिया। सुबह से ही बहनों का भाइयों के घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। यह त्योहार भाई व बहन के प्रेम का प्रतिक है। इस दिन बहनें भाइयों के स्वस्थ और दीर्घायु होने की मंगल कामना कर तिलक लगाती हैं।

# बाबूलाल मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा ने दी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड के महान सपूत अमर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य के पहले मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की कर्मस्थली डोंबारी बुरू जाकर उन्हें श्रद्धांजांलि अर्पित की। इस अवसर पर बाबूलालल मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने दी धरती आबा को श्रद्धांजलि

**तोरपा (आजाद सिपाही)।** झामुमो तोरपा के प्रखंड अध्यक्ष रोबिन तोपनो की अगुवाई में बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने धरती आबा को श्रद्धां सुमन अर्पित किया। झामुमो कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा के पदचिह्नों पर चलते हुए जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर झामुमो के पूर्व प्रत्याशी सह केंद्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, प्रखण्ड अध्यक्ष रोबिन तोपनो, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला सचिव संजय यादव, प्रखण्ड उपाध्यक्ष जयदीप तोपनो, युवा मोर्चा प्रखण्ड सचिव नीतीश भेंगरा, असलम अंसारी, जुनुल गुड़िया, अजीत किरण तोपनो आदि थे।

### प्रधानमंत्री ने किया केडीएच पुरनाडीह कोल हैंडलिंग प्लांट का ऑनलाइन शिलान्यास

# पुरनाडीह-केडीएच परियोजना में बढ़ेगा कोयला डिस्पैच: जीएम

### कहा- प्रधानमंत्री के हाथों शिलान्यास होना गौरव की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के केडीएच पुरनाडीह कोल हैंडलिंग प्लांट का ऑनलाइन शिलान्यास बुधवार को किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खूंटी से ऑनलाइन शिलान्यास किया। केडीएच स्थित शिलान्यास कार्यक्रम स्थल पर सीसीएल निदेशक तकनीक रामबाबू ने रिमोट से शिलान्यास स्थल पर लगे शिलापट को हटाया। सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं, ऑनलाइन शिलान्यास को लेकर लाइव प्रसारण के लिए एलसीडी लगाए गए थे। इस अवसर पर सीसीएल निदेशक तकनीकी ऑपरेशन बी साईराम, मुख्यालय से आये वीके शुक्ला, महाप्रबंधक संजय कुमार, एसओपी ज्योति कुमार,जेसी एससी सदस्य ललन प्रसाद सिंह, कमलेश कुमार सिंह,प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, विधायक प्रतिनिधि श्याम सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, रोहिणी पीओ जेके सिंह, अनुज कुमार,एसके गोस्वामी,लोकनाथ राणा, मिथिलेश कुमार सिंह, गोल्डेन यादव, सुनील कुमार सिंह, अमरभूषण सिंह, प्रेम कुमार, बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव, कृष्णा चौहान, रामलखन गंझू, विनय खलखो, जगरनाथ महतो, रतिया गंझु, गोविंद्रचंद महतो, अरविंद सिंह, मुखिया दीपमाला कुमारी, ललिता देवी, पारसनाथ उरांव, शिवरत मुंडा, शत्रुंजय सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, श्रमिक प्रतिनिधि एवं कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों सीसीएल की सबसे महत्वपूर्ण योजना केडीएच पुरनाडीह कोल हैंडलिंग प्लांट का ऑनलाइन शिलान्यास किया जाना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सीसीएल के लिए भी यह बहुत बड़ी योजना है। जिस कारण पुरनाडीह और केडीएच परियोजना में कोयला डिस्पैच बढ़ेगा।




पीएम मोदी ने की केडीएच पुरनाडीह कोल हैंडलिंग प्लांड का ऑनलाइन शिलान्यास।

# मुरहू में किशोर की हत्या, पुलिस ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू थानांतर्गत कारूडीह गांव के समीप धान खेत के किनारे से पुलिस ने बुधवार की सुबह एक किशोर का शव बरामद किया। उसकी पहचान कांडे पाहन (15) के रूप में हुई है। वह कारूडीह गांव निवासी गोला पाहन का बेटा था। शव के पेट, छाती और गाल में धारदार हथियार के वार किए जाने से बने गहरे घाव के निशान थे। इससे यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि किशोर की हत्या धारदार हथियार चाकू से की गई होगी। इस संबंध में मृतक के स्वजनों के बयान पर अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मुरहू थाना में बुधवार को हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है। बताया गया कि अपराधियों ने इस घटना को मंगलवार की रात को अंजाम दिया है। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो इसकी सूचना मुरहू पुलिस को दी गई। वहीं, सूचना मिलते ही मुरहू पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत स्वजनों को सौंप दिया।




### पिपरवार के चिरैयांटांड़ में काली पूजा मेला का आयोजन

# पर्व-त्योहार और मेला से बढ़ता है आपसी भाईचारगी : अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के चिरैयांटांड़ में इस वर्ष भी काली पूजा मेला का आयोजन किया गया। जतरा मेला में पारंपरिक खोड़हा नृत्य का आयोजन ढोल नगाडो के साथ किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई। आयोजन समिति की ओर से विधायक का जोरदार स्वागत किया गया। जिसके बाद विधायक सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। विधायक सहित सभी अतिथियों ने काली मंदिर में मां काली के दर्शन कर क्षेत्र एवं राज्य की सुख शांति एवं खुशहाली की कामना की। अपने संबोधन में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि जतरा मेला हमारी संस्कति धरोहर है। पर्व त्योहार और मेला से आपसी भाईचारगी और एकजुटता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि किचटो पंचायत के चिरैयांटांड़ में काली पूजा और मेला का आयोजन लगभग चार दशक से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों से चलते आ रहे इस तरह के आयोजन को वर्तमान में आज के युवा आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने इस तरह के आयोजन को आगे भी जारी रखने की अपील की। इस मौके पर किचटो मुखिया संगीता देवी, पसंस सुनीता देवी, रीना देवी, ललिता देवी, बसंत नारायण महतो, विमल महतो, लखन महतो, बालकिशुन महतो, नागेश्वर महतो, लखन महतो, विश्वनाथ महतो, जानकी महतो, कीर्तन महतो, अर्जुन महतो, विजय महतो, टिकेश्वर महतो, वीरेंद्र महतो, प्रीतम महतो, अमर महतो, देवनाथ महतो, गुलाब चंद महतो, राजेश गंझु, महेश महतो, सुरेश करमाली, शिवनाथ महतो, सुरेश महतो, संतोष महतो, अजय महतो, रमन महतो और प्रदीप महतो आदि थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### सायको में युवक ने की आत्महत्या

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला के सायको थानांतर्गत दिगड़ी गांव निवासी शिलाश नाग नामक 19 वर्षीय युवक ने दिगड़ी लुपुंगडीह बाजार टांड़ के समीप एक आम पेड़ में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह फंदे से झूलते युवक के शव को जब कुछ ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना उसके स्वजनों को दी। इसके बाद सूचना सायको थाना को पुलिस को भी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### अड़की में बाइक दुर्घटना, किशोर की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अड़की थानांतर्गत कोरवा घटवाड़ा पुल के पास मंगलवार की शाम तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान सरायकेला खरसावां जिला के कुचाई थानांतर्गत रोलाहातू गांव निवासी सोहराई मुंडा मामा किशोर (17) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक किशोर तोडांग गांव स्थित अपने ससुराल से वापस अपना घर लौट रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। इसकी सूचना मिलने पर अड़की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में किया। बुधवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

### आजसू ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस



**सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र बारेंदा चौक में बुधवार को विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में धरती आबा बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया। बारेंदा चौक स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सुनील सिह वीणा मुंडा, अशोक महतो, रमेश सिंह मुंडा, बुद्धेश्वर महतो, बसंत महतो, गणेश तिवारी उपस्थित थे।वहीं, राहे प्रखंड कमेटी के सदस्यों ने कोलमा, नुरू कोम्बो और कोंताटोली गांव में स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, म्यूक भूषण महती, रंभावती देवी, पांडु मुंडा आदि मौजूद थे। जबकि सोनाहातू में जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा और केंद्रीय सदस्य संजय महतो के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थापित बिरसा प्रतिमा पर माल्यार्पण किये। मौके पर सुषेन प्रामाणिक, हलधर मुंडा, जीवाधन सिंह मुंडा आदि मौजूद थे। इसके अलावे प्रमुख विक्टोरिया देवी, उप प्रमुख सबिता देवी, आदिवासी विकास संघर्ष समिति के भोलेश्वर सिंह मुंडा, मनोज सिंह मुंडा, विकास सिंह मुंडा, मनोहर सिंह मुंडा, लेलिन पाहन ने बिरसा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने कैसर खान, शुभचिंतकों ने दी बधाई



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के तोरपा निवासी कैसर खान को झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर पूर्व विधायक और प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा, खूंटी जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष एडवर्ड हंस, ओबीसी जिला अध्यक्ष सोनू इमरान, युवा जिला अध्यक्ष कुणाल कच्छप, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष अख्तर अहमद, पपलू खान, तौफीक अंसारी, कयूम अंसारी, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, अंजुमन इस्लामिया के सदर अख्तर खान, शाहिद अहमद, इमरान खान, रोजलिन कंडुलना, पूर्व प्रमुख सामडोम टोपनो, मोख्तार आलम, शब्बीर अंसारी ने बधाई दी। इस अवसर पर कैसर खान ने कहा कि जिस निष्ठा और विश्वास के साथ प्रदेश महासचिव का पद मिला है, उसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

### विभिन्न मांगों को लेकर निकाली गयी रैली

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुण्डा जयंती पर झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा (झामस) पांचपरगना कमेटी ने रायसा जलाशय निर्माण स्थल, गितिलडीह से अधिकार यात्रा बुधवार को निकाल कर हुमटा होते हुए बुंडू धुर्वा मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुण्डा प्रतिमा स्थल तक पहुंचा। अधिकार यात्रा में 'बिरसा के उलगुलान परंपरा आगे बढ़ाओ, रायसा जलाशय परियोजना रद्द करो, जनजातिय गौरव दिवस का ढकोसला बंद करो, भाजपा हटाओ देश बचाओ' जोरदार लगे। बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। आज पांचवी अनुसूची को अक्षरसः लागू कर, आदिवासियों के पारंपारिक स्वशासन व्यवस्था ग्रामसभा को मजबूत कर, जंगल-जमीन, संस्कति-पहचान की रक्षा कर बिरसा मुण्डा के 'अबुआ दिशुम - अबुआ राज' का सपना पूरा किया जा सकता है। झामस नेता गौतम मुण्डा ने कहा कि पांचवी अनुसूची, पर्यावरणीय संकट को अनदेखा कर प्रस्तावित रायसा जलाशय के निर्माण में सरकार की हठधर्मिता बिरसा के सपनों की हत्या है। इसलिए इसे अविलंब रद्द किया जाए। अधिकार यात्रा में मुख्य रूप से मोहन दत्ता, सुखदेव मुण्डा, लखिमनी मुण्डा, अलमा खलखो, सिमैला मुण्डा, संतोष मुण्डा, रामेश्वर मुण्डा, ठाकुरा मुण्डा, दिलीप मांझी, दिगम्बर मुण्डा, अम्लकांत महतो, दामोदर प्रजापति, गुरुवा मुण्डा, राजेश्वर महतो, जोगेन मुण्डा, दुलाल मुण्डा, डोमन मुण्डा, पूर्णचंद्र मुण्डा, नुनिबाला मुण्डा, जयंती मुण्डा, राजकिशोर लोहरा, योगेश्वर मुण्डा, कालीपद मुण्डा, लखिन्द्र मुण्डा शामिल थे।

### पिपरवार में धूमधाम से की गयी चित्रगुप्त पूजा

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बुधवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम के की गयी। इस अवसर पर बचरा ऑफिसर्स क्लब में चित्रांश महापरिवार बचरा की ओर से भव्य पूजा का आयोजन किया गया। पुजारी विकास पाठक द्वारा विधिवत रूप से पूजा कराया गया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में चित्रांश महापरिवार के सभी लोग शामिल हुए। चित्रांश महापरिवार के सचिव अश्विनी दराद ने बताया कि पिछले 22 वर्षों से बचरा में भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम से की जा रही है। इसमें कलम-दवात की विधिवत पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की पूजा के बाद सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर चित्रांश महापरिवार के संरक्षक सीबी सहाय के अलावे संगीत कुमार, पीके सिन्हा, एके श्रीवास्तव, राजेश कुमार, डॉ डीके सहाय, अश्विनी दाराद, विजय लाल, अवधेश प्रसाद, दिलीप अम्बष्ठ, मिथिलेश कुमार, रमेश कुमार सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, रविशंकर सहाय, अभिषेक श्रीवास्तव, सुजीत पटनायक, अनिल सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, प्रवीण दाराद, निशु निशांत, विकास सिन्हा, शिवम अम्बष्ठ, रोशन आनंद, विनीत रंजन, अंकित प्रियेश, अक्षत अनमोल आदि थे।

# धरती आबा की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी





आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड में बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर अनगड़ा, जोन्हा, गुड़ीडीह सहित अन्य जगहों पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं राजाडेरा के रूगडू गांव में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का अनावरण युवा समाजसेवी रंजीत लोहरा और पूर्व मुखिया मोतीराम मुंडा के नेतृत्व में किया गया। इससे पूर्व श्यामलाल पहान, नरेश पहान, लखीराम पहान, सालीग्राम मुण्डा, विष्णु पहान आदि नें विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को शुरू किया। मौके पर मुखिया सीमा देवी, पंसस जानकी देवी, राजेश महतो, दुती महतो, महाबीर पहान, खीरू उरांव, रितुलाल लोहरा, सहदेव मुंडा, साहेबराम मुंडा, रामदयाल सिंह, अभिराम मुंडा, सुकरा मुंडा, शंकर सिंह, संदीप सिंह, बीरू लोहरा, बलराम मुंडा, जनक मुण्डा आदि मौजूद थे। इधर प्रखंड मुख्यालय बिरसा पार्क स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर विधायक राजेश कच्छप, प्रमुख दीपा उरांव सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, एतवा उरांव, शिवदास गोस्वामी, अजय तिर्की, सरिता देवी, संगीता कैथा, यशोदा देवी, अनिता देवी, कुलेश्वर मुंडा, समीम खान, रोहित नायक, सोहन करमाली, बरना, सुखराम उरांव, शिबु मुण्डा, मुन्ना मुंडा, विशाल स्वांसी आदि मौजूद थे। इधर जोन्हा स्थित बिरसा मुंडा चैक में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर मुखिया कृष्णा मुंडा, रिझुवा मुंडा, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, विरेन्द्र सिंह भोगता, बिरसा उरांव, बिरू उरांव, जगदीश मुंडा, मधु लोहरा, विषम शाही, चिजय खलखो आदि ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इधर गौतमधारा चैक में स्थापित वीर बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर जिप सदस्य व आजसू के केन्द्रीय सचिव राजेन्द्र शाही मुंडा ने माल्यार्पण का उन्हें याद किया। मौके पर विरेन्द्र सिंह भोगता, विजय उरांव, सीताराम साहू, पप्पु, महाबीर महतो, विक्रम हजाम, धनंजय महतो, दीनदयाल बेदिया आदि मौजूद थे।

## भगवान बिरसा मुंडा की सोच का झारखंड निर्माण को लेकर कोई सरकार गंभीर नहीं : जेबीकेएसएस



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** 15 नवंबर भगवान बिरसा जन्मदिवस के दिन राज्य गठन होना समस्त झारखंड वासियों को गर्वान्वित करता है। तमाम राजनीतिक, गैर राजनीतिक, सामाजिक आदिवासी मुलवासी संगठन के लोग इस दिन को यादगार बनाने के लिये भगवान बिरसा की सोच अबुआ दिशुम अबुआ राज को नारा बुलंद करते है। जो राज्य स्थापना के 24 साल प्रवेश पर ख्वाली प्रतीत होता है। भगवान बिरसा मुंडा की सोच झारखंड निर्माण को लेकर कोई सरकार गंभीर नहीं है। लेकिन लगातार दो साल से टाईगर जयराम के नेतृत्व में झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति ने अपने हक-अधिकार के प्रति जागरूक किया है। जो रांची समेत समस्त झारखंड में उर्जा भरने का काम किया है और आने वाली 2024 की आम चुनाव में जनता को विकल्प देने के लिये तैयार है। उसी को ध्यान में रखते हुये लिरसा जन्म उत्सव व 24 स्थापना दिवस पर जेबीकेएसएस के बैनर तले अबुआ राज फटफटिया सेसेन का आयोजन किया। जिसका शाब्दिक अर्थ अपना राज अपना अधिकार के लिये मोटरसाइकिल जन जागरण अभियान तहत जन यात्रा निकाला कर जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसका मुख्य केन्द्र अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय, बुढ़मु प्रखंड भाट बोड़या मैदान, बुंडू कॉलेज परिसर को बनाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होकर बिरसा मुंडा अमर रहे, कैसे लिया झारखंड- लड़ के लिया झारखंड, झारखी की क्या पहचान- 1932 का खतियान आदि नारे को बुलंद किया। प्रखंड मुख्यालय अनगड़ा से निकली बाईक रैली गेतलसुद, औरमांझी बिरसा जैविक उद्यान होते हुये नामकुम प्रखंड अन्तर्गत लाली पंचायत स्थित बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात समाप्त हुआ। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो, फलिन्द्र करमाली, मार्शल महतो, महाबीर महतो, अभय सुडी, योगेश मुंडा, लखीन्द्र महतो, सुमित कुमार महतो, अंगद नायक, नरेश, हेमंत, जय, गणेश, हेमंत, सुधांशु, राज किशोर, रामपोदो, सुखराम, सुरज नारायण, सावना, महेश, संजीव, शिवराज, सुनील, मंटू, चदंन, सुरेन्द्र सैकड़ों शामिल थे।

## विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा का अनावरण किया



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ने सयुक्त रूप माला पहना कर किया। शिल्पी नेहा तिर्की ने कही की आदिवासियों को संरक्षक बनने वाले दलाल से सावधान रहने की बात कही। कम खाए कम पिन्ये मगर बच्चो को शिक्षित करे तभी आपका विकास होगा। प्रधान मंत्री और मुख्यमंत्री अबुआ आवास की जानकारी विधायक ने दिया। बन्धु तिर्की ने कहा भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रजो के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए शहीद होकर देश को आजाद किए और उसी समय आदिवासी जमीन को बचाने के लिए सीएनटी एक्ट बना, जमीन के दलाल और बिचौलिया से बचने की बात कहा। समाज को बचाने के लिए सभी जाति धर्म के लोगो के हित को ध्यान रखकर काम करे। केंद्र सरकार से जातीय जनगणना करने की मांग किया गया है साथ ही शिक्षा रुपी धर्म को बचाना है। ग्राम प्रधानों को ग्राम सभा को वर्तमान राज्य सरकार अधिकार का दायरा बढ़ा दिया है इससे ईमानदारी पूर्वक करने की बात कहा। लापुंग के बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का जीर्णोद्धार विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का मद से किया गया साथ ही लालगंज गाड़ी गांव में बिरसा मुंडा की प्रतिमा का माल्यार्पण कर सोहराई जातरा झूरू में पहुचकर लोगो को बधाई दिया। जय मंगल मुन्डा खूंटी जिला सरना धर्म गुरु ने प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में भाग लिया प्रार्थना किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जनमेजय पाठक, जयन्त बरला, सुरेश साहु, सत्यनारायन पाठक, मुखिया सविता उरांव, प्रमुख कंचन उरांव, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, सापुकेरा के पहान पुजार, अनेक धर्म गुरु के अलवे सरना व सनातन धर्म प्रेमी अनेक गांव के भाइयो व बहनों ने भाग लिया।

# नहाय खाय के साथ छठ व्रत कल से आरंभ

व्रत की मुख्य तिथियां
- 17अक्टूबर : नहाय-खाय
- 18 अक्टूबर : खरना
- 19अक्टूबर : अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य
- 20 अक्टूबर : उदयीमान सूर्य को अर्घ्य ।



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** सूर्य उपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ की चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरूआत शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू होगी।पहले दिन व्रत करने वाले पुरषों और महिला श्रद्धालुओं ने अंतःकरण की शुद्धि के लिए नदियों तालाबों और कई जलाशयों में स्नान करते हैं। इसके बाद अपने व्रत अनुष्ठान शुरू करेंगे। जहां श्रद्धालुओं ने नहाय-खाय की तैयारी के लिए महावीर चौक व बाजार पहुंच कर लौकी, चने की दाल, अरवा चावल आदि की खरीदारी की। लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। छठ महापर्व में आस्था के साथ स्वच्छता और शुद्धता का अधिक ख्याल रखा जाता है। वहीं व्रती स्नान-ध्यान के बाद चार दिवसीय व्रत का संकल्प लेंगे। इसके बाद चावल, चने की दाल, लौकी (कद्दू) की सब्जी, सेंधा नमक से तैयार कर उसका भोग लगाएंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे। एक समय के भोजन के बाद व्रती अगले दिन खरना के समय तक भूखे रहना होता है। व्रतियों को भूखे रहकर खरना का प्रसाद तैयार करना होता है। वहीं शनिवार को व्रती खरना करेंगे। दूध, गुड़ और चावल की खीर तैयार करेंगे। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भोग लगाएंगे और जल ग्रहण करेंगे। इसके बाद 36 घंटे के निरजला व्रत की शुरूआत हो जायेगी।

जलाशय व तालाब के तटों पर पहुंच कर व्रती रविवार को पूरे परिवार के साथ भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना करेंगे और अस्ताचलगामी सूर्य को फल, पकवान आदि के साथ अर्घ्य देंगे। सोमवार की सुबह फिर घाट पहुंचकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगे। छठ बिहार और झारखंड का सबसे लोकप्रिय नेम निष्ठा व लोक आस्था का सबसे बड़ा त्योहार है।

## जतरा की अपनी एक अलग विशेषता है, संस्कृति को बचाने का : रामटहल चौधरी



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी के कुरुम गुड़गांई में सोहराई जतरा लगाया गया। जतरा का उद्घाटन पूर्व लोक सभा सांसद राम टहल चौधरी ने करते हुए लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जतरा की अपनी एक अलग विशेषता है, संसकृति को बचाने में अहम योगदान है। विशिष्ट अतिथि रणधीर चौधरी ने सोहराई पर्व का विशेष उल्लेख किया ।नागपुरी रंगारंग में आए हुए कलाकारो ने एक से बढ़ एक गीत और नृत्य पर लोगों को झूमा रहे थे। खिलौना, मिठाई, गोलगप्पा और चाऊमीन वाले की चांदी रही तो केतारी भी अपनी मिठास बिखरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जतरा के सफल आयोजन में सुनिल कुमार महतो, दिनेश महतो , उल्लास महतो, राम टहल महतो और ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

## बेड़ो में मना भैया दूज का पर्व



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भाई-बहनों के प्रेम व स्नेह का पर्व भाई दूज बुधवार को बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बहनों व महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा में पूजा-अर्चना किया। परंपरा के अनुसार बहनों ने अपने भाई के दुश्मन का गोबर से तस्वीर बनाकर भाई के दुश्मनों को लाठियों से कुटाई करते हुए अपने भाई की लंबी उम्र की कामना की। साथ ही मौके पर पारंपरिक गीत भी महिलाओं ने गाए। बहनों अपने भाइयों के चिरंजीवी और यशस्वी होने की कामना करते हुए माथे पर तिलक लगाया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर भाइयों ने बहनों को उपहार प्रदान किया ।वहीं दिन भर बहनों का अपने भाईयों के यहां टीका लगाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। साथ ही महादानी मंदिर, देवी मंडप सहित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु भक्त पहुंचे और पूजा अर्चना किया। इस दौरान बहनों ने गोधन कूटने की परंपरा निभाया।

## बांधगाड़ी बना फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आदर्श ग्राम बड़ाम मैदान में सोहराई, जतरा एवं दिपावली के अवसर पर मंगलवार रात चार दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच खेला गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। उन्होंने मंच को संबोधित करते हुये कहा कि जतरा आपसी भाईचारे का संदेश देता है। कहा कि झारखंडी संस्कृति को बचाना है। फुटबॉल का फाइनल मैच बांधगाड़ी बनाम मुंडा ब्रदर्श टीम के बीच खेला गया। जिसमें बांधगाड़ी की टीम 1 गोल से विजेता बनी। वहीं, मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को 1 लाख और बड़ा ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 70 हजार और एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करते हुये मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। मौके पर लॉन बॉल के भारतीय खिलाड़ी दिनेश महतो का मंच पर अंगवस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, मुखिया कृष्णा लोहरा, समाजसेवी सीताराम तिवारी, धमेंद्र बक्सी, प्रभात झा, संतोष कुमार बड़ाईक उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष जकरियश गाड़ी, रामवृत महतो, शंकर नायक, कल्याण टोप्पो, सतनारायण गोप, कुणाल गोप, सुनील गोप, निखिल दागल सार, संदीप दास, बंधन टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## मुखिया ने सफाई को लेकर महिलाओं को किया सम्मानित



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महिला संघ व गूंज संस्था से जुड़ी महिलाओं ने पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर के नेतृत्व में प्रखंड के पुरियो गांव में पिछले दिनों सफाई अभियान चलाया था। जिससे पूरे गांव में बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था रही। स्वच्छता अभियान के दौरान लोगों को जागरुक करनेवाले महिलाओं को गूंज संस्था ने दीपावली के अवसर पर सम्मानित किया। जिसका वितरण मुखिया ने किया। वहीं मुखिया नीरज कुजूर के कार्यों का ग्रामीणों ने प्रशंसा किया। मुखिया का कहना है कि गांव के विकास के लिए अभी कई कार्य किए जाने हैं। जिसमें सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने महिलाओं के द्वारा स्वच्छता को लेकर किए गये साफ सफाई के कार्यों की सराहना किया। इससे दूसरे पंचायत को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। साथ ही आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता को लेकर भी चर्चा की। इधर गांव की महिलाएं सम्मान मिलने से काफी खुश हैं। वहीं मौके पर ग्राम प्रधान जयराम कच्छप, टीआरआई की लक्ष्मी कुमारी, नेहा टोप्पो, पिंकी कुमारी, गीता कुजूर, संध्या उरांव, विनीता उरांव, सुधा उरांव,रानी उरांव, सालगी, मनिता, रीता, सुषमा, सविता व राधा रानी तिर्की समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

## रामनाथ महतो की माता का हुआ निधन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिलदाग गांव निवासी व भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो की माता चरकी देवी का निधन बुधवार की सुबह हो गया। वे 75 वर्ष की थी तथा कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन पर सांसद संजय सेठ, पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, भाजपा नेता डॉ अमर कु चैधरी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, डॉ रिझू नायक, भाजपा नेत्री आरती कुजूर, आरती सिंह, आशा लकड़ा, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, सुनील कु महतो, प्रमोद सिंह, राजेन्द्र महतो, नरेश साहू, कामेश्वर महतो, अगमलाल महतो, जगेश्वर महतो, सिकंदर अंसारी, रामसाय मुण्डा, मनोज कु चैधरी, दुर्गा महतो, सुरेश महतो, सुनील महतो, उमेश बड़ाईक, रीतू महतो, मनीराम महतो, राजेश महतो, रामपोदो महतो, दुर्गा पहान, अमरनाथ चैधरी, मानकी राजेन्द्र शाही, रामवृक्ष महतो, राजेन्द्र मुण्डा, अब्दूल इमाम अंसारी, अनिसा खातुन सहित विभिन्न दलों के नेताओं नें शोक संवेदना प्रकट की है। बुधवार को हीं लालगढ़ मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।

## विधायक ने किया डुकू तालाब छठ घाट का निरीक्षण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डुकू छठ तालाब का निरीक्षण शुक्रवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया। इस दौरान छठ घाट के साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि तालाब परिसर साफ हो। जिससे छठव्रतियों को किसी भी तरह से कोई परेशानी न हो। उन्होंने सारी व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरूस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान बंधु तिर्की ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूरे झारखंड में श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। वहीं सफाई में लगे मजदूरों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही मजदूरों के बीच फल का वितरण किया। पूर्व मंत्री ने घाट में सजावट व लाईट बाजा, टेंट,रोशनी व सजावट लगाने की बात कही। मौके पर उपप्रमुख मोददसिर हक, करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, किशोर साहु, बजरंग गोप, मो शमशाद, लीबु बड़ाईक व ईश्वर बड़ाईक समेत कई लोग मौजूद थे।

## कलिंदर महतो की 40वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



**इटकी (आजाद सिपाही)।** स्वर्गीय कलिंदर महतो की 40वीं पुण्यतिथि उनके, पैतृक गांव दरहाटाड़ चौक में बुधवार को मनाई गयी। दरहाटाड़ चौक स्थित स्वर्गीय कालेंद्र महतो की प्रतिमा पर सभी आगंतुकों द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और कांग्रेस के झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारि अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वर्गीय कलिन्दर महतो को गुदरी में छिपे हुए लाल की संज्ञा दिया। कार्यक्रम में स्वर्गीय कलिंदर महतो स्मृति समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विजय बहादुर सिंह प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय बारीडीह शिव शंकर महतो को कृषि के क्षेत्र में व समाज सेवा के क्षेत्र में पंचम महत्व को शाल व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गरीबों और असहाय लोगों के बीच साड़ी और कंबल वितरित किया गया। मौके पर ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाए गए जिसमें मेडिकल की ओर से रंजीत, अमानुल्लाह, गोकुल, टेक्नीशियन उपस्थित थे जिसमे 13 यूनिट ब्लड भी जमा किया गया। कार्यक्रम मे नंदकिशोर मेहता, पंकज, अंजुम जमाल, अजय कुमार, बलराम, मुकेश महतो, शिव शंकर महतो, पंकज महतो, देवेंद्र मंडल, रमेश महली दिलीप महतो, शैलेंद्र महतो, नंदलाल महतो, मोहन महतो, स्वर्गीय महतो के सभी पारिवारिक सदस्य व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# पूर्वजों से मिले संस्कृति और परंपरा को बचाने की आवश्यकता: अजय

बदरी अम्बाटुंगरी का सोहराय जतरा और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदीरी।** अनगड़ा प्रखंड अतंर्गत कुच्चू पंचायत के बदरी अम्बाटुंगरी में सोहराय परब के अवसर पर सोहराय जतरा सह पारम्परिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदिवासी सेना रांची के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप एंव विशिष्ट अतिथि कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, आजसू जिला उपाध्यक्ष- प्रकाश लकड़ा, आदिवासी सेना के प्रदेश सचिव-मनसा बडाईक, अनगड़ा पूर्वी जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, अनगड़ा उप प्रमुख जयपाल हजाम, राज उरांव आदिवासी युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष झारखंड, सुनिल राज, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। जतरा (मेला) का उद्घाटन स्थानीय पहान रामेश्वर बेदिया, दिनेश बेदिया, और भूना बेदिया के द्वारा पहाड़ी बाबा का विधिवत पूजा अर्चना कर और अतिथियों के द्वारा फीता काट कर की गयी। सभी अतिथियों ने पहाड़ी बाबा स्थल पर आदिवासी परंपरा के अनुसार पहानों के सहयोग से पहाड़ी बाबा का पुजा करते हुए गांव के सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामनाएं की। जतरा में बदरी, खभावन, खक्सीटोली नवागढ़, हुंडरु जारा, हाड़राबेड़ा, सिमराटोली, ओबर आदि दर्जनों गांवों से सास्कृतिक टीमें आदिवासी पारम्परिक वेशभूषा से सुसज्जित हो, ढोल नगाड़े के साथ मेले में शामिल हुए। सभी टीमों द्वारा पारम्परिक नृत्य व गाना प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सास्कृतिक टीमों में नवागढ़ खक्सी टोली को प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए, द्वितिय पुरस्कार हुंडरू जारा को 3000 रुपए, तृतिय पुरस्कार सिमरा टोली को 2000 हजार रुपए औरं बाकी पॉच गॉवों के टीमों को संतावना के लिए एक एक हजार रुपए नगद राशि अतिथियों के हाथों पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अजय कच्छप ने अपने संबोधन में कहा कि अपने सस्कृति, और परम्परा झारखंड की धरोहर है को संरक्षित करने की जरूरत है तब हमलोग अपने धरोहर को बचा पायेंगे। विशिष्ट अतिथि दीपा उरांव ने कहा कि भाषा, संस्कृति और परम्परा आदिवासियों का पहचान है, इसी को बचाकर रखने से ही आदिवासी अपने को बचा सकेंगे। स्थानीय नागपुरी कलाकार सानू कुमार के टीम के द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया व थिरकने को मजबुर कर दिया। मेला का सफल आयोजन पर मेला समिति के अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया, सचिव सोहरैया बेदिया, कोषाध्यक्ष महेंद्र बेदिया, उपाध्यक्ष संतोष बेदिया, शनिचरवा बेदिया, संरक्षक-सहदेव बेदिया कुच्चू मुखिया, भुवनेश्वर बेदिया नवागढ़ मुखिया, संगीता देवी पूर्व मुखिया कुच्चू सचिमोहन कुमार, जयशंकर पहान, जीतराम बेदिया, श्रवण कुमार मुखियार जयदेव बेदिया, मुचीराम बेदिया, मन बोध बेदिया शंकर बेदिया, तिलक नाथ बेदिया, बिरसू बेदिया, अनिल बेदिया, रामचरण बेदिया, जोन तिग्गा, गिलू बेदिया, मनिष बेदिया दसैया बेदिया रवि बेदिया, शंभू लोहरा, सुकरा लोहरा, शिवशंकर बेदिया पवन बेदिया दिलीप लोहरा, आकला कुंहार प्रमेशवर बेदिया जगदीश भोगता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## डीसी ने शिक्षा पदाधिकारी को दिया योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करवाने का निर्देश

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत 24 नंवबर से पंचायतों में लगने वाले शिविरों में पात्र लाभुकों को अबुवा बीर दिशोम अभियान अंतर्गत वनाधिकार पट्टा से लाभावित किया जा सके, इस उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय सभागार में डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में वन अधिकार विषयक को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अबुआ वीर दिशोम अभियान के संचालन एवं लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभावित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने वन अधिकार पट्टा दिए जाने में अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों, ग्राम सभा का महत्व,वन अधिकार समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। कार्यशाला के दौरान जिले में लाभुकों को व्यक्तिगत,सामुदायिक एवं सामुदायिक वन संसाधन वन अधिकार पट्टा दिए जाने को लेकर चर्चा की गयी। कार्यशाला में उपस्थित एसडीओ, सीओ, मुखियागण से डीसी ने ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को सामुदायिक वन अधिकार पट्टा व ट्राइबल समूह के लोगों को वन अधिकार पट्टा के लाभ से आच्छादित करने में सहयोग करने की अपील की। इसी तरह डीसी ने शिक्षा पदाधिकारी को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करवाने व शिविरों में इसके तहत आवेदन भी लेने हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, वन क्षेत्र पदाधिकारियों, मुखियागण, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं कुछ अन्य सीओ व जनप्रतिनिधि वर्चुअल मोड से भी बैठक में जुड़े रहे।

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी , दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबह: 07.00–10.00 से दोपहर: 03.00–8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपावइंटमेंट ले लें।
पताः- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
(Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust )
GARHWA, JHARKHAND, 822114
Session 2023-24
Approved By PCI
B.Pharm.
D.Pharm.
Admission Going On
Limited Seats are vacant
Hurry Up
NEET Qualified only
BHMS
B.D.S. / M.D.S.
All Seven speciality
Eligibility
10+2 or equivalent with PCB/PCM & Student must have attained age of 17 Years
AIAPGET Qualified Only
M.D in Homoeopathy
1. Materia medica, 2.Organon of Medicine & Homoeopathic philosophy, 3. Homoeopathic Pharmacy, 4.Homoeopathic Repertory, 5. Practice of Medicine, 6. Pediatric, 7. Psychiatry.
Admission also open for B.Ed, D.El.Ed, B.Sc MLT, Paramedical
https://www.vananchaltrust.org/ vewt_garhwa@rediffmail.com
96614 62506 / 62062 97213 / 87895 54090

bathsense BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
BU Adding value since 2009
Distributors :
bathsense ESSESS Flowkem Glocera m-seal ASTRAL Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

### पर्यावरणविद ने ओड़िशा सरना स्थल पर किया भगवान बिरसा मुंडा को नमन

# लोग सचेत नहीं हुए, तो भुगतने होंगे गंभीर परिणाम : कौशल

**राजनीतिक प्रदूषण के कारण आज विकास में पीछे है धरती आबा का राज्य झारखंड**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस पर ओडिशा के बिरसा चौक व सरना धाम में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत नेपाल के रुद्राक्ष का पौधा लगाकर उनकी जयंती मनाई। उन्होंने मांदर बजाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कौशल किशोर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने मानव जैसी शत्रु अंग्रेज से देश को आजाद कराया था। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए देशवासियों को शुभकामनाएं दी। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि एक



आजादी हमलोग मानव जैसी शत्रु से जीते है, लेकिन आजादी की दूसरी जंग प्रदूषण नामक शत्रु से जितना अभी भी बाकी है, क्योंकि मानवीय भूलों के कारण धरती के कई जीव समाप्त हो गए। कई समाप्ति के कगार पर हैं। अकेले भारत में 1372 प्रजाति के पौधे असुरक्षित और कई संकट के दौर से जूझ रहे हैं। धरती पर रहने वाले जीवों की 37 फीसदी प्रजातियां और पानी रहने वाले जीवों की 47 फीसदी विलुप्ति के कगार पर हैं। समय रहते अगर लोग सचेत नहीं हुए तो कोरोना काल को याद करना होगा। जब कई लोग ऑक्सीजन के आभाव में कोरोना काल में असमय काल के गाल में समा गए। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि मेरे ही राज्य झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा जी का जन्म हुआ था और उनकी याद में आज ओडिशा के बिरसा मुंडा चौक और सरना धाम पर रंगारंग कार्यक्रम अयोजित किया गया। सरना धाम पर प्रकृति पूजा में उन्हें मुख्य अतिथि बनाये जाने पर इसके लिए ओडिशा वासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर सरना धाम के अध्यक्ष झरियो केरकेटा, रामचंद्र जगदंबा, विकास चंद्र शत्रपति, राजेश अग्रवाल, राजीव सिंह,बापू स्वामी अधिकारी, आचार्य बाबू सहित कई गणमान्य लोगों ने भी बिरसा मुंडा को याद कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया।

## चैनपुर-शिवाजी मैदान में होगा छठ सामग्री का नि:शुल्क वितरण : अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से इस वर्ष भी शिवाजी मैदान में 17 नवंबर को नहान खान के दिन 12:30 बजे से निःशुल्क छठ सामग्री का वितरण किया जाएगा। साथी ही चैनपुर सूर्य मंदिर छठ तालाब प्रांगण से चैनपुर, शाहपुर के छठ व्रती के लिए उसी दिन छठ सामग्री का वितरण किया जाएगा। प्रथम महापौर ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा छठ व्रती जिन्हें छठ सामग्री की आवश्यकता है समय पर आकर छठ सामग्री प्राप्त कर पुण्य कमाने का अवसर दें। बुधवार को प्रथम महापौर ने सभी प्रमुख घाटों का निरीक्षण के क्रम में अमानत जाकर अवलोकन किया जहां लायंस क्लब एवं निगम प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था की जा रही है। प्रथम महापौर ने बताया कि निगम के साथ ही मेरे द्वारा भेजी गई जेसीबी कई घाटों की सफाई कर रही है। अगर कहीं भी सफाई की आवश्यकता हो तो मुझसे संपर्क करें। प्रथम महापौर ने बताया कि इस वर्ष अमानत के तर्ज पर कोयल रिवर फ्रंट में गंगा आरती मंच से अयोध्या से आए विद्वानों द्वारा चेंबर परिवार के सौजन्य से गंगा आरती की शुरूआत की जा रही है जो छठ की भव्यता को बढ़ाएगा।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

## विश्रामपुर में गोली लगने से महादलित युवक घायल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाने की दीवार से सटे मुहल्ले के एक महादलित परिवार का युवक गोली लगने से घायल हो गया। घटना मंगलवार की देर रात की बताई जा रही है। विश्रामपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच के बाद घटना संदिग्ध बता रही है। जबकि घायल युवक सागर ने चिकित्सक को बताया कि वह अपने दरवाजे के पास खड़ा था। तभी किसी ने उसपर गोली चला दिया और फरार हो गया। गोली युवक की पैर के निचले हिस्से में लगी है। वहीं, पुलिस का कहना है कि जब गोली लगती है तो एंट्रेंस छोटा और एग्जिट बड़ा होता है लेकिन युवक का जख्म वैसा नहीं है।

## भगवान बिरसा मुंडा हम सभी के लिए हैं प्रेरणास्त्रोत : प्रखंड प्रमुख

**प्रखंड प्रमुख व सीओ ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड स्थापना दिवस पर हुसैनाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, अंचलाधिकारी धनंजय गुप्ता समेत प्रखंड, अंचल कर्मी व स्थानीय प्रतिनिधियों ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के विचार एवं ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलन ने लोगों में राष्ट्रीय चेतना का निर्माण किया। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों द्वारा थोपी गयी शोषण आधारित व्यवस्था के विरूद्ध स्वराज की उद्घोषणा की। उनके नेतृत्व में



आदिवासियों ने ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने के लिए उलगुलान किया। उनके विचार एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं, अंचलाधिकारी ने कहा कि अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया था। उनकी जयंती कार्यक्रम पर उनके सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित होकर कार्य करने की जरूरत है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर देवरी खुर्द पंचायत समिति अरबिंद कुमार मेहता, बडेपुर पंसस राजवंश यादव, सुमेर राम, राजस्व कर्मचारी राजेंद्र, योगेंद्र सिंह, सत्यनारायण सिंह, पवन कुमार, प्रखंड नाजिर परमेंद्र कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मो शमीम, सिकंदर चौधरी, सतेंद्र कुमार आदि ने श्रद्धांजलि दी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
| --- | --- | --- | --- |
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
2 घंटे में सुनिश्चित उपाय
तांत्रिक मास्टर किंग खान का खुला ऐलान
कारोबार प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृह क्लेश पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रॉपर्टी, कोर्ट, केस, वशीकरण, जादू - टोना, किया कराया
A TO Z समस्या का समाधान पर तेज
बाबा मुबारक खान
हमारे किए हुए काम को कोई ज्योतिष ,पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
9311266125
8130817043
काम न होने पर पैसे वापस
नियर घंटाघर , मास्टर कैंटीन के सामने।

## छत्तीसगढ़ की जनता को अग्रिम बधाई: आनंद शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के निमित झारखंड भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात के क्रम में झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य आनंद शंकर एवं अविनाश वर्मा ने पार्टी के प्रत्याशियों से संबंधित कुशल-क्षेम प्राप्त कर विजय होने की कामना की। विदित हो कि आगामी 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा के अंतिम चरण के चुनाव संपन्न होने हैं। इसी के तहत पार्टी हित में उक्त नेताद्वय ने क्लस्टर के अंतर्गत विधानसभाओं के प्रभारी भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा एवं बलरामपुर जिला अंतर्गत सामरी विधानसभा



के प्रभारी सह बोकारो के विधायक बिरंची नारायण से मुलाकात कर अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी। समरी विधानसभा के प्रभारी बिरंची नारायण ने वार्ता के क्रम में पार्टी के निर्णय एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विधानसभा भारी बहुमत के साथ पार्टी की झोली में जा रही है। जबकि अंबिकापुर समेत अपने अंतर्गत अन्य विधानसभाओं की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए आशा लकड़ा ने भी अपने कड़ी मेहनत के साथ पार्टी हित में सार्थक परिणाम आने की बातें दोहराया। कहा कि केंद्र की योजनाओं एवं देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व क्षमता से प्रभावित होकर राज्य की जनता ने अबकी बार भाजपा के नेतृत्व में एक सक्षम और स्वच्छ सरकार बनाने का निर्णय ले चुकी है। अपने दौरे को सार्थक बताते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद शंकर एवं अविनाश वर्मा ने पार्टी के निर्णयों, नेताओं की झमता व कार्यकर्ताओं की मेहनत से प्रभावित होकर छत्तीसगढ़ के मतदाताओं को अग्रिम बधाई दी है।

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
झारखंड बिहार में हमारी सर्विस उपलब्ध है। संपर्क करें। अपने बिजनेस को बढ़ाएंया नया बिजनेस लगाएं काफी किफायती दरों पर लगाया जाता है। आसान किस्तों पर उपलब्ध।
PERFECT AQUA
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163, 8340320390
Perfect Service
H.B ROAD KOKAR RANCHI, JHARKHAND

## धनबाद में उत्साह के साथ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस मना

# भगवान बिरसा मुंडा के बताये मार्ग का अनुसरण करें: डीसी

**भगवान बिरसा की 148वीं जयंती पर डीसी व एसएसपी आदि ने अर्पित की पुष्पांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भगवान बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती और झारखंड राज्य के 23वें स्थापना दिवस पर बुधवार को बैंक मोड़ स्थित बिरसा चौक पर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर डीसी सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद डीसी ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर समस्त जिले वासियों को शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने न्याय के लिए जो लड़ाई लड़ी थी उसे और आगे ले जाने और उनके बताए मार्ग पर चलने की हम सब प्रतिज्ञा लेते हैं। कहा कि भारतीय इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। भगवान बिरसा मुंडा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य थे। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने भी समस्त जिले वासियों को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस मौके पर एसएसपी संजीव कुमार, डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) कमलाकांत गुप्ता, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एसडीओ उदय रजक, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, निदेशक एनईपी इंदु रानी, डीटीओ राजेश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा, वरीय पुलिस उपाधीक्षक यातायात राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, कार्यपालिका दंडाधिकारी प्रदीप कुमार,रविंद्र नाथ ठाकुर, अंशु कुमार पांडेय, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, शहीद बिरसा मुंडा स्मारक स्मृति संचालन समिति के संयोजक महादेव हांसदा, मिश्रीलाल मरांडी, मोतीलाल मरांडी, नारायण महतो, रति उरांव आदि ने ने भगवान बिरसा मुंडा के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर व उनकी प्रतिभा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।








धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते डीसी वरुण रंजन। मोजैक पोर्टल का उद्घाटन करते डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार।

### डीसी व एसएसपी ने किया भगवान बिरसा मुंडा के मोजैक पोर्ट्रेट का उद्घाटन

डीसी सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने जिला प्रशासन के सहयोग से गोल्फ ग्राउंड में 14,000 वर्ग फीट में झारखंड के नक्शे के अंदर कोल डस्ट से निर्मित भगवान बिरसा मुंडा के साथ जयपाल सिंह मुंडा, तिलका मांझी, विनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन और कार्तिक उरांव के मोजैक पोर्ट्रेट का उद्घाटन किया। इसके बाद डीसी ने जिले वासियों को रणधीर वर्मा स्टेडियम पहुंचकर पोट्रेट को देखने और उसे बनाने वाले कलाकारों का उत्साह वर्धन करने की अपील की। साथ ही पोट्रेट निर्मित करने वाले सुमित गुंजन को मोमेंट देकर सम्मानित किया।

वहीं सुमित गुंजन ने बताया कि पिछले वर्ष दिसंबर में उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा का लगभग 40,000 रद्दी ईंटो से 11,200 वर्ग फीट का पोर्ट्रेट बनाया था। वहीं 30 जून 2023 को हजारीबाग में शाहिद सिदो-कान्हू का 12,000 वर्ग फीट में पोर्ट्रेट बनाया था। उनकी टीम में हजारीबाग, बोकारो, राजधनवार के लगभग 20 कलाकारों ने 13 से 14 नवंबर की रात तक यह पहला कोल डस्ट मोजैक पोर्ट्रेट बनाया है। इस मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एसडीओ उदय रजक, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, निदेशक एनईपी इंदु रानी आदि मौजूद थे।

# बिरसा समिति सिंदरी ने मनाया बलिदान दिवस




**- भगवान बिरसा को क्रांति नायक के रूप में किया याद**
**- अमर शहीद बिरसा मुंडा उलगुलान, संघर्ष और शहादत की प्रतिमूर्ति है : आनंद महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** बिरसा समिति की ओर से शहीद बिरसा मुंडा को क्रांति नायक के रूप मे याद किया गया। बुधवार की सुबह स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांति के नायक बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनकी जनक्रांति को याद किया गया। बिरसा प्रेमियो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सिंदरी भ्रमण कर सामाजिक सद्भाव का उदहारण पेश किया। शहर भ्रमण के बाद बलिदान दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरसा समिति के संस्थापक एवं सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो ने अपने संदेश में कहा कि अमर शहीद बिरसा मुण्डा उलगुलान, संघर्ष और शहादत के प्रतीक है। क्रांतिकारी सोच के साथ बिरसा ने आदिवासी सशक्तिकरण के लिए सम्राज्यवादी ताकतो पर हमला बोल कर आदिवासीयों के मनोबल को ऊंचा रखे। आनंद महतो ने बिरसा प्रेमियो से आह्वान किया कि आज भी हमलोग आर्थिक गुलामी की जंजीर से बंधे हुए है, जिसको काटने के लिए उलगुलान के पारंपरिक हथियार को लेकर उतरना होगा। तभी बेरोजगारी, महगाई और भ्रष्टाचारियों से निजात पा सकेगे।

वहीं, सचिव बबलू महतो ने कहा कि बीर बिरसा मुण्डा की क्रांति की लहर झारखंडियो के दिल मे जल रही है। क्रांति के लौ से ही महंगी शिक्षा, मजदूरो के श्रम शाक्ति रोजगार नहीं होने के कारण शोषण करना, मंहगाई, चरम सीमा पर पहुंचना, भ्रष्टाचारियों से बचने के लिए धरती आबा के उलगुलान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना होगा तभी झारखंडियों का कल्याण होगा। इस दौरान उपस्थित बिरसा प्रेमियो ने कार्यक्रम को सफल होने में अहम योगदान दिया जिसमें मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, मार्क्सवादी युवा मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष जगदीश रवानी, सुरेश प्रसाद, सोहन सोरेन, छोटन चटर्जी, डॉक्टर एचएल टुडू, महालाल हसदा, अमर सिंह, मंगल महतो, मुखिया राजा राम रजक, दशरथ ठाकुर, पूरन सिंह, परिमल टुडू, आशा देवी, शकुंतला कुमारी, जीतू सिंह, बबलू महतो, चेतू महतो, राजू बावरी, देवाशीष पांडे, सुनील महतो, शीतल दत्ता, दिनेश महतो, शिवलाल आदि मौजूद थे।

## झामुमो जिला कार्यालय में मनायी गयी धरती आबा बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झामुमो धनबाद जिला समिति की ओर से जिलाध्यक्ष लखी सोरेन के नेतृत्व में झामुमो जिला कार्यालय एवं हीरापुर तेलीपाड़ा में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम हीरापुर तेलीपाड़ा में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद जिला कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। उक्त अवसर पर उपस्थित झारखण्ड सरकार के सचेतक सह टूंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि आज पूरा देश बिरसा मुंडा जी कि जयंती मना रहा है। बिरसा मुंडा सिर्फ एक नाम नहीं हैं। वे हम सभी झारखंडियों के आदर्श और क्रांति के प्रतीक हैं। उनके द्वारा झारखंड के लिए किए गए संघर्ष को मैं नमन करता हूं। वहीं, जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक आदिवासी परिवार से आते हैं। आदिवासियों ने प्रारंभ काल से ही देश और राज्य के लिए संघर्ष किया हैं। मात्र 25 वर्ष कि उम्र में जेल में बिरसा का निधन हुआ। हम सभी को भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य क्रांतिकारियों के विचारधारा को आत्मसात करते हुए अपने देश और राज्य के विकास में सहयोग करना हैं। वहीं, जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा हम सभी केलिए आदर्श है। उनके संघर्ष गाथा को जब आप देखेंगे तो पता चलेगा। अंग्रेजी हुकूमत से ना सिर्फ लोहा लिया, बल्कि झारखंड के लोगों कि जमीन को सुरक्षित रखने का प्रयास भविष्य में सफल हुआ। आज हम सभी को भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए ये प्ररण लेना है कि हम सभी अपने जल, जंगल,जमीन कि रक्षा करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य कंसारी मंडल, डॉ निलम मिश्रा, अलाउद्दीन अंसारी, आवास बोर्ड के सदस्य पवन महतो, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, जिला संगठन सचिव मदन महतो, संयुक्त सचिव तपन तिवारी, आशीष पासवान युद्धेश्वर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू, बुद्धिजीवी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू हाड़ी, महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान, उपाध्यक्ष बंटी सिंह, बसंत महतो, जिला बीस सूत्री सदस्य राजू प्रमाणिक, राजेश तुरी, झाकोमयू से हराधन रजवार, विनोद सिंह, अपूर्व सरकार, उमाशंकर चौहान, देबू महतो, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष सूरजकांत सोरेन सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बोकारो जिले के 150 नंदघर केंद्रों में मनाया गया झारखंड स्थापना दिवस

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इएसएल वेदांता की सामाजिक पहल के तहत बोकारो जिले में संचालित 150 नंदघर में झारखंड स्थापना दिवस पर बाल दिवस आयोजित हुई। सभी 150 केंद्रों का अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन नंदघर परियोजना के तहत संचालन हो रहा है। कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन टीम, वेदांता ईएसएल टीम एवं आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं ने किया था, जिसमें नंदघर के बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस और क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजित किया गया। कुछ बच्चे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का पोशाक पहने हुए थे। इस कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शो पर चलने और विचारों को अपने अंदर लाने का प्रेण लिया। नंद घर के कार्यकर्ताओं ने बच्चों को झारखंड स्थापना दिवस के बारे में जानकारी दी। बताया कि बिरसा जी हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपना अहम योगदान दिया था। उनके बलिदान और शौर्य की गाथा युगों युगों तक रहेगी। मौके पर नावाडीह की मुखिया किरण देवी, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

# अंग्रेजी शराब दुकान से नकद समेत लाखों की चोरी

**मामला संदेहास्पद, सुरक्षा में तैनात गार्ड था नदारद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया थाना अंतर्गत झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग के कतरास मोड़ स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में मंगलवार की देर रात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर 4 लाख रुपये नगद के साथ अंग्रेजी शराब का एक कार्टून चोरी कर लिया। बुधवार की सुबह गार्ड सुपरवाइजर हीरा गुप्ता को घटना की सूचना मिली, जिसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिये और संबंधित कर्मियों के साथ झरिया पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं, घटना की सूचना पर उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर जाय हेंब्रम भी मौके पर पहुंच गए और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।



### जांच जारी, दोषियों पर होगी कार्रवाई

इस बाबत जानकारी देते हुए सब इंस्पेक्टर ने बताया कि निरीक्षण और कर्मियों से पूछताछ के बाद पता चला कि मंगलवार की रात दुकान बंद कर सभी कर्मी अपने घर चले गए थे। बिक्री का पैसा दुकान के अंदर स्थित तिजोरी में रखा गया था। देर रात चोरी की घटना घटित हुई और नगद 4 लाख रुपए के साथ शराब की एक कार्टून गायब मिली। ऐसे स्टॉक का मिलान किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि मामला संदेहास्पद है। गार्ड सुपर वाइजर हीरा गुप्ता ने उन्हें जानकारी दी की रात के समय निरीक्षण के दौरान उक्त दुकान पर तैनात गार्ड धर्म रजवार उपस्थित नहीं दिखा था जिसे फोन करने पर उसने घर में होने की बात कही थी। इसलिए मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, झरिया पुलिस ने भी जांच पड़ताल करने की बात कही।

## भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के नहीं, भारत के महान सपूत: एमके राव

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नप क्षेत्र के करगली गेट दुर्गा मंदिर के समीप धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मानव सेवा माधव सेवा मंच के तत्वधान में मनाया गया। यहां सीसीएल बीएंडके जीएम सहित तमाम अधिकारी, मंच और तमाम यूनियन के सदस्यों ने शहीद चौक स्थित स्थापित बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रदांजलि दिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानव सेवा माधव सेवा मंच के संस्थापक गजेंद्र प्रसाद सिंह ने की। जीएम ने कहा कि भगवान बिरसा ने अंग्रेजों द्वारा लागू की गयी जमींदारी प्रथा और राजस्व-व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई छेड़ी थी। यह सिर्फ विद्रोह नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, स्वायत्तता और संस्कृति को बचाने के लिए संग्राम था। महज 25 वर्ष की उम्र में मातृ-भूमि के लिए शहीद होकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई को उद्वेलित किया।

## भाकपा-माले ने निकाला भाजपा हटाओ देश बचाओ संकल्प मार्च

# केंद्र सरकार जनजातीय गौरव दिवस के नाम पर आदिवासियों से कर रही छलावा : नागेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पूर्व घोषित राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य के 23वें स्थापना दिवस पर भाकपा-माले की जिला ईकाई की ओर से बुधवार को भाजपा हटाओ-देश बचाओ संकल्प मार्च निकाला गया। जो स्टेशन रोड, श्रमिक चौक, गया पुल, सुभाष चौक होते हुए बैंक मोड़ पहुंचा। वहां स्थापित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करर नमन किया गया। इस दौरान बिरसा मुंडा के सपनों का भारत बनाओ, जल जंगल, जमीन बेचना बंद करो आदि नारे लगाये जा रहे थे। इस दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लगभग 10 साल बीतने पर बिरसा मुंडा के प्रति मोदी जी का प्रेम जगा है। जनजातीय गौरव दिवस के नाम पर आदिवासियों के साथ छलावा किया जा रहा है। जल जंगल जमीन पर अपने दोस्त अडानी-अंबानी के हाथो देना चाहती है। गोड्डा अडानी पावर प्लांट इसका जीता जागता उदाहरण हैं। आज भी विस्थापित नौकरी व मुआवजा की लड़ाई लड़ रहे हैं। झारखंड के आदिवासी समाज भलीभांति समझती हैं। संकल्प मार्च का नेतृत्व जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, राज्य कमेटी सदस्य नागेंद्र कुमार, जिला कमेटी सद्स्य नकुलदेव सिंह, मनोरंजन मल्लिक, हरेंद्र सिंह, बलदेव वर्मा, श्रीराम विश्वकर्मा, गणेश महतो, रमेश सोरेन और संदीप कौशल कर रहे थे। इस मौके पर भोला सिंह, ब्रह्मदेव साहू, कामता नोनिया, नरेश भुईया, सीताराम कुंभकार, राजू चौहान, जमाल अंसारी, दिनेश रॉय, आरवाई नेता आसमान मरांडी, गौतम महतो, रमेश वाऊरी, प्रमोद महतो, कृष्णा कुमार, राहुल कुमार, सचिन यादव, अभिषेक ठाकुर, गोपाल महतो, आसू महतो, मुन्ना चौहान आदि शामिल थे।




## 1252 लाभुकों के बीच 44.91 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन। इस अवसर पर 44.91 करोड़ रुपये की योजनाओं के तहत 1252 लाभुकों के बीच परिसंपतियों का वितरण किया गया। सेक्टर पांच स्थित बोकारो क्लब में राज्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल आदि शामिल हुए। इस मौके पर डीसी कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, डीडीसी कीर्तिश्री, अपर समाहर्ता मेनका, अपर नगर आयुक्त चास सौरव कुमार भुवानिया, चास एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष हीरालाल मांझी, कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता आदि जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## तेल डिपो को राष्ट्र को समर्पित करने पर विधायक बिरंची ने प्रधानमंत्री को दी बधाई



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई व आभार व्यक्त किया है। कहा कि बुधवार को खुंटी से प्रधानमंत्री ने बोकारो के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया , जिसमें राधागांव में स्थापित भारत पेट्रोलियम के लगभग 250 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने) इस तेल डीपो को राष्ट्र को समर्पित किया। यह प्लांट 65 एकड़ जमीन पर बना हुआ है, जिसकी 25 हजार केएल का भंडारण क्षमता है। इससे पूरे झारखंड व पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्र में आपूर्ति होगी। जिससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से एक हजार से अधिक लोगों को इसमें रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार तुपकाडीह-तालगड़िया रेलवे लाइन का भी उद्घाटन किया जो रेलवे की ओर से 300 करोड़ की राशि खर्च किया गया है। इस रेलवे लाइन के चालू होने से यहां के उद्योगों को काफी लाभ मिलेगा। इससे बोकारो स्टील प्लांट के कच्चे माल की ढुलाई में सुविधा होगी। वहीं इलेक्ट्रोस्टील वेदांता के कच्चे माल का एक मात्र रेलवे रूट है।

## झारखंड स्थापना दिवस पर अधिकारियों ने अर्पित की भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड की अस्मिता के संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बुधवार को बोकारो स्टील के अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) चितरंजन महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, डॉ बीबी करुणामय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने नया मोड़ पर स्थापित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही सभी को बिरसा जयंती की शुभकामना दी।

# ऐसे ही कोहली को किंग नहीं कहा जाता




भारतीय स्टार बल्लेबाज और क्रिकेट के किंग विराट कोहली ने बुधवार को सचिन तेंदुलकर के वनडे शतकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब उनके वनडे क्रिकेट में 50 शतक पूरे हो चुके हैं। सचिन तेंदुलकर के नाम 49 वनडे शतक हैं। कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में शतक लगाया। इसी के साथ उन्होंने सचिन के होम ग्राउंड मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 50 शतकों का कीर्तिमान स्थापित किया। विराट कोहली ने अगस्त 2008 में श्रीलंका के खिलाफ अपना पहला एकदिवसीय मैच खेला था। कोहली ने 2009 में श्रीलंका के खिलाफ कोलकाता के इडन गार्डंस में अपना पहला एकदिवसीय शतक (107 रन) बनाया था। उसके बाद विराट ने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। 2023 वर्ल्ड कप के सेमीफइनल मैच में विराट कोहली ने 113 बॉल पर 117 रन की पारी खेली। इस शतक से उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में 80 शतक हो चुके हैं। वनडे के अलावा टेस्ट में 29 और टी-20 में एक शतक है। इस शतक से कोहली एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। तेंदुलकर ने 2003 वर्ल्ड कप में 673 रन बनाये थे। विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50 प्लस रन बनाने के मामले में श्रीलंकाई बैटर कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ दिया। संगाकारा ने 216 बार 50 प्लस रन बनाये हैं, जबकि विराट 217वीं बार यह कारनामा कर चुके हैं। विराट अब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग (217 बार) के बराबर पहुंच गये हैं। सचिन तेंदुलकर इस मामले में टॉप पर हैं। उनके 264 बार 50 प्लस रन हैं। वर्ल्ड कप के एक सीरीज में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस रन के मामले में विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। विराट ने इस वर्ल्ड कप में अब तक आठ बार 50+ रन बनाये हैं, जबकि सचिन तेंदुलकर 2003 वर्ल्ड कप में 7 और शाकिब अल हसन ने 2019 वर्ल्ड कप में 7 बार 50 प्लस रन बनाये थे।

## क्रिकेट के भगवान का वन डे शतकों का रिकॉर्ड किंग ने तोड़ा




## विराट कोहली ने इस तरह पूरा किया 50 वनडे शतकों का सफर



कोहली ने अपना पहला शतक 2009 में श्रीलंका के खिलाफ लगाया था। उस पारी में उन्होंने 107 रन बनाये थे। कोहली ने दूसरा शतक बांग्लादेश के खिलाफ 2010 में लगाया। उसमें उन्होंने 102 रन जड़े थे। कोहली का तीसरा शतक 2010 में ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया। उसमें उन्होंने 118 रन बनाये। चौथा शतक 2010 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 105 रनों की पारी थी। पांचवां शतक 2011 बांग्लादेश के खिलाफ 100 रनों की पारी थी। छठा शतक 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 107 रनों की पारी थी। सातवां शतक 2011 में इंग्लैंड के ही खिलाफ 112 रनों की पारी थी। आठवां शतक 2011 में ही वेस्टइंडीज के खिलाफ 117 रनों की पारी थी। नौवां शतक 2012 श्रीलंका के खिलाफ 133 रनों की पारी थी।

दसवां शतक 2012 में श्रीलंका के खिलाफ 108 रन। 11वां शतक 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ 183 रन। 12वां शतक 2012 में श्रीलंका के खिलाफ 106 रन। 13वां शतक 2012 में श्रीलंका के खिलाफ 128 रन। 14वां शतक 2013 वेस्टइंडीज 102 रन। 15वां शतक 2013 जिंबाब्वे के खिलाफ 115 रन। 16वां शतक 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 रन। 17वां शतक 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 115 रन। 18वां शतक 2014 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 123 रन। 19वां शतक 2014 में बांग्लादेश के खिलाफ 136 रन। 20वां शतक 2014 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 127 रन। 21वां शतक 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 139 रन। 22वां शतक 2015 में पाकिस्तान के खिलाफ 107 रन। 23वां शतक 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 138 रन। 24वां शतक 2016 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 117 रन। 25वां शतक 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 106 रन। 26वां शतक 2016 में नूजीलैंड के खिलाफ 154 रन। 27वां शतक 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ 122 रन। 28वां शतक 2017 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 111 रन। 29वां शतक 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 131 रन। 30वां शतक 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 110 रन। 31 वां शतक 2017 न्यूजीलैंड के खिलाफ 121 रन। 32वां शतक 2017 में न्यूजीलैंड के साथ 113 रन। 33वां शतक 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 112 रन। 34वां शतक 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 160 रन। 35वां शतक 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 129 रन। 36वां शतक 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 140 रन। 37वां शतक 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 157 रन। 38वां शतक 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 107 रन। 39वां शतक 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 104 रन। 40वां शतक 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 116 रन। 41वां शतक 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 123 रन। 42वां शतक 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 120 रन। 43वां शतक 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 114 रन। 44वां शतक 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ 113 रन। 45वां शतक 2023 में श्रीलंका के खिलाफ 113 रन। 46वां शतक 2023 में श्रीलंका के खिलाफ 166 रन। 47वां शतक 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ 122 रन। 48वां शतक 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ 103 रन। 49वां शतक 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 101 रन। 50वां शतक 2023 में वर्ल्डकप सेमीफइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 117 रनों की पारी।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**